बुधवार, 27 अगस्त 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 34 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदयः 5:17 | सूर्यास्तः 18:00 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन किसी से बंधा नहीं होता बंधी होती हैं आशाएं, उम्मीदें और भरोसा।



नौसेना में दो बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट शामिल

पृष्ठ 7

## भारत को उम्मीद, चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में होगी सीमा पार आतंकवाद की निंदा

**नयी दिल्ली :** भारत सरकार ने मंगलवार को उम्मीद जतायी कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) अगले हफ्ते चीन के तियानजिन शहर में होने वाले अपने वार्षिक शिखर सम्मेलन में सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा करेगा। यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन यात्रा से पहले आई है। मोदी 29 अगस्त से एक सितंबर तक जापान और चीन की चार दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। अपनी यात्रा के पहले चरण में वह प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तोक्यो जाएंगे। दोनों प्रधानमंत्री तोक्यो के बाहर भी मिलेंगे। जापान यात्रा समाप्त करने के बाद मोदी 31 अगस्त और एक सितंबर को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए तियानजिन जाएंगे। एक संयुक्त प्रेसवार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल ने कहा कि नयी दिल्ली, शिखर सम्मेलन की घोषणा में आतंकवाद की कड़ी निंदा सुनिश्चित करने के लिए अन्य एससीओ सदस्य देशों और भागीदारों के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ''एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी तीन बुराइयों का मुकाबला करने के प्राथमिक लक्ष्य के साथ की गई थी, जो आज भी एक चुनौती बनी हुई है।''

## सीमाओं पर जनसांख्यिकीय बदलाव की साजिश : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक सोची समझी साजिश के तहत हो रहा है और वे देश और इसकी सीमाओं की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करते हैं। शाह ने सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों से अवैध धार्मिक अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं से कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए। उन्होंने समुद्री और स्थलीय सीमाओं पर कई अतिक्रमण को हटाने में सराहनीय कार्य करने के लिए गुजरात सरकार की प्रशंसा की।

# प्रधानमंत्री से कभी उम्मीद नहीं थी कि वे हमें चोर कहेंगे : ममता

- पीएम के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार, पूरे राज्य का अपमान बताया
- कहा... 'पीएम को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं'



**बर्दवान :** पीएम मोदी पर ताजा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें उनसे (मोदी से) कभी यह उम्मीद नहीं थी कि वे उनकी कुर्सी का अनादर करने के साथ-साथ राज्य के लोगों को 'चोर' बताकर पूरे प्रांत का अपमान करेंगे। इस दिन, पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर में लोगों के बीच सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ वितरित करने के लिए आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने मोदी की टिप्पणी को पश्चिम बंगाल के लोगों का 'अपमान' बताया और केंद्रीय धन के आवंटन पर रोक लगाने के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के खजाने पर 'भारी बोझ' पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं। मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि वे राज्य के लोगों को 'चोर' कहेंगे। ममता ने दावा किया कि सच तो यह है कि उन्होंने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार की तथाकथित 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकारों के कामकाज पर आंखें मूंद ली हैं, जहां भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। ममता ने आरोप लगाया कि हर बार जब चुनाव आता है तो मोदी प्रवासी पक्षी की तरह राज्य आते हैं। ममता ने दावा किया कि राज्य प्रशासन ने कल्याणकारी योजनाओं के लिए केंद्रीय धन के उपयोग के बारे में केंद्र सरकार के सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दे दिया है। ममता ने कहा कि हमने आपके सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिए हैं, फिर भी आप धन का वितरण रोक रहे हैं और पश्चिम बंगाल को 'चोर' कह रहे हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए पश्चिम बंगाल में 186 केंद्रीय टीमें भेजीं और उन्हें कुछ नहीं मिला। एक छात्र सभी प्रश्नों के उत्तर देने के बाद शून्य अंक प्राप्त करना कैसे स्वीकार कर सकता है? हम इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### 'चुनाव आयोग भाजपा का लॉलीपॉप न बने, डबल इंजन सरकार सबसे बड़ी 'चोर' है'

इस दौरान, मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि हमने बांग्लादेश नहीं बनाया, आपने बनाया। अगर हमारी भाषा एक जैसी है, तो हम क्या कर सकते हैं? बंगाली एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है। भाजपा पर हर चुनाव से पहले एनआरसी का मुद्दा उठाने का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि पार्टी 1971 के दौरान और उससे पहले देश के इस हिस्से में आए भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी बताने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर को लागू करने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग का इस्तेमाल कर रही है। ममता ने कहा कि भारत के निर्वाचन आयोग के प्रति पूरे सम्मान के साथ मैं चुनाव आयोग से आग्रह करती हूं कि वह उनकी हर मांग को मानकर भाजपा का लॉलीपॉप नहीं बने। हम उन्हें हर बांग्ला भाषी नागरिक को बांग्लादेशी बताकर परेशान करने और निर्वासित करने के उनके एजेंडे को पूरा करने की इजाजत नहीं देंगे।

# 'स्वदेशी' हर किसी के जीवन का मंत्र होना चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि स्वदेशी हर किसी का जीवन मंत्र होना चाहिए। मोदी ने साथ ही कहा कि उनकी सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल ने वैश्विक एवं घरेलू दोनों विनिर्माताओं के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। उन्होंने कहा कि 'स्वदेशी' की उनकी परिभाषा सरल है। प्रधानमंत्री ने कहा, '' मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पैसा किसका लगा है, डॉलर है या पाउंड.. या वह मुद्रा काली है या सफेद। बस उस पैसे से जो भी उत्पादन हो, उसमें मेरे देशवासियों का पसीना होना चाहिए।'' गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाएगी। मोदी ने लोगों से केवल स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया और कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि निवेश कौन करता है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि उत्पाद बनाने में भारतीयों की कड़ी मेहनत हो। उन्होंने कहा कि इस तरह मारुति सुजुकी भी एक स्वदेशी कंपनी है। प्रधानमंत्री ने कहा, '' स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बन जाना चाहिए। आइए, स्वदेशी को गर्व से अपनाएं। जापान में जो चीजे यहां बनेंगी, वे भी स्वदेशी होंगी।'' उन्होंने कहा, '' स्वदेशी की मेरी परिभाषा बहुत सरल है। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि किसका पैसा निवेश किया गया है...चाहे वह डॉलर हो या पाउंड, या वह मुद्रा काली है या सफेद। बस उस पैसे से जो भी उत्पादन किया जाए, उसमें मेरे देशवासियों का पसीना होना चाहिए। उन उत्पादों में मेरे देश की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए।'' भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने के अपने संकल्प का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से देश की भावी पीढ़ियों के लिए इस स्वदेशी आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया।

# भारतीय उत्पादों पर आज से 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क

## 48 अरब डॉलर का निर्यात होगा प्रभावित



**नयी दिल्ली :** अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू करने की योजना का विवरण देते हुए एक मसौदा नोटिस जारी किया है, जिससे अमेरिका को भारत के 48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के निर्यात पर असर पड़ेगा। अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर वर्तमान में 25 प्रतिशत शुल्क पहले से ही लागू है। रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद के कारण 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया जा रहा है। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी मसौदा आदेश में कहा कि '' बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त, 2025 को 'ईस्टर्न डेलाइट टाइम' (ईडीटी) के अनुसार रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए (देश में) लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। बशर्ते कि उन्हें देश में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई हो या 17 सितंबर, 2025 को 12:01 बजे (ईडीटी) से पहले उपभोग के लिए गोदाम से बाहर ले जाया गया हो और आयातक ने एक विशेष 'कोड' घोषित करके अमेरिकी सीमा शुल्क को यह प्रमाणित किया हो।'' भारत के अलावा ब्राजील एकमात्र अमेरिकी व्यापारिक साझेदार है जिसे 50 प्रतिशत आयात शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। इस उच्च अमेरिकी आयात शुल्क का असर सबसे अधिक भारत के वस्त्र, परिधान, रत्न व आभूषण, झींगा, चमड़ा व जूते-चप्पल, पशु उत्पाद, रसायन और विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी शामिल हैं। दवा, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे क्षेत्र इन व्यापक शुल्कों के दायरे से बाहर हैं।

# उत्तर भारत में भारी बारिश से कई जगह सड़कें और पुल बहे, जम्मू में 10 लोगों की मौत

- माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन से सात लोगों की मौत



**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत के बड़े हिस्सों विशेषरूप से हिमालयी क्षेत्रों में मंगलवार को लगातार बारिश ने कहर बरपाया जहां भूस्खलन हुए, निचले इलाकों में जलभराव हो गया और कई सड़कें व पुल बह गए। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश की वजह से रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर मंगलवार अपराह्न भूस्खलन हुआ जिसकी चपेट में आने से कम से सात लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। इसके अलावा, जम्मू के डोडा जिले में बारिश से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण हिमालय से निकलने वाली नदियां और सहायक नाले उफना गए हैं। बांधों और बैराजों से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ना पड़ा, जिससे निचले इलाकों, खासकर पंजाब में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई। खराब मौसम और अगले कुछ दिनों तक स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं दिखने के कारण पंजाब और जम्मू क्षेत्र में स्कूल बंद करने पड़े। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में दुकानों के ढह जाने, इमारतों के गिरने और राजमार्गों के टूटने की घटनाएं सामने आईं। राज्य में कुल 680 सड़कें बंद हो गईं, जिनमें मंडी और कुल्लू ज़िले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह राज्य पहले ही कई भूस्खलनों और अचानक आई बाढ़ की तबाही झेल रहा है। हिमाचल प्रदेश में सोमवार शाम से पिछले 24 घंटे के दौरान 12 बार अचानक बाढ़ आई, भूस्खलन की दो बड़ी घटनाएं और बादल फटने की एक घटना दर्ज की गई है। लारगी बांध से 20,000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद मंगलवार को ब्यास नदी का जलस्तर और बढ़ गया। इसकी तेज धारा ने मनाली-लेह राजमार्ग के 200 मीटर हिस्से को बहा दिया, जिससे मार्ग बंद हो गया और पर्यटक फंस गए।

## अमेरिका के 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क से पहले सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे फिसला

### गिरावट से निवेशकों के 5.41 लाख करोड़ रुपये डूबे

**मुंबई :** अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर गिरावट के साथ और पांच शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 949.93 अंक या 1.16 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 80,685.98 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,689.60 अंक पर आ गया था। रियल्टी, फार्मा, बैंकिंग और धातु शेयरों में बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा, जबकि एफएमसीजी शेयरों ने मामूली बढ़त के साथ अपेक्षाकृत मजबूती दिखाई । सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंड्स्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555




श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा
18डी, फूसराज बच्छावत पथ (सुकियस लेन), कोलकाता -700 001
सेवा, शिक्षा, साधना
Celebrating 97 years of service to mankind
जैन महापर्व पर्यूषण पर्व पर आप सभी से हार्दिक क्षमायाचना
आओ मिलकर हाथ बढ़ाएं, प्रगति पथ पर बढ़ते जाएं...
Our Institutions
SHREE JAIN VIDYALAYA, KOLKATA
Binod Chand Kankaria (President)
Manoj Kr. Bothra (Secretary)
SHREE JAIN VIDYALAYA FOR GIRLS & BOYS, HOWRAH
Vinod Minni (President)(Girls)
Birendra Kumar Jain (Gelra) (President)(Boys)
Lalit Kankaria (Secretary)(Girls & Boys)
SHREE JAIN HOSPITAL & RESEARCH CENTRE, HOWRAH
Pannalal Kochar (President)
Pradeep Patwa (Secretary)
HCK JAIN VIDYALAYA, JAGATDAL
Pradeep Patwa (President)
Subhash Chand Bhutoria (Secretary)
THK JAIN COLLEGE, COSSIPORE
Jai Bothra (President)
Lalit Kankaria (Secretary)
KSS JAIN COLLEGE OF EDUCATION
Virendra Singhvi (President)
Binod Chand Kankaria (Secretary)
KSD JAIN DENTAL COLLEGE & HOSPITAL
Sardarmull Kankaria (Chairman)
Vinod Dugar (Secretary)
SPK JAIN FUTURISTIC ACADEMY, RAJARHAT
Pannalal Kochar (Chairman)
Jaideep Patwa (Secretary)
VICHAR MANCH
Sardarmull Kankaria (President)
Pradeep Patwa (Secretary)
संरक्षक : बालचंद भूरा, अखेचंद भंडारी, पन्नालाल कोचर, रिधकरण बोथरा, सुन्दरलाल दुगड़,
ट्रस्टी : सुरेन्द्र कुमार बांठिया, विनोद मिन्नी, विनोद चंद कांकरिया, आर.पी. बोथरा
अध्यक्ष : सरदार मल कांकरिया | उपाध्यक्ष : अरूण कुमार मालू, विरेंद्र कुमार जैन (गेलरा), राजा पटवा
मंत्री : अशोक मिन्नी | सहमंत्री : चन्द्र प्रकाश डागा, मनोज भूरा | कोषाध्यक्ष : राजेंद्र रामपुरिया
bindumedia.co.in

## पंजाबी ड्राइवरों के खिलाफ अमेरिका में दुराग्रह

यूं तो जब से अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आए हैं विदेशियों, खासकर भारतीयों के खिलाफ अमेरिका में नस्लभेदी नजरिया लगातार अपनाया जा रहा है। पहले आप्रवासी भारतीय कामगारों के खिलाफ कथित अवैध आव्रजन का आरोप लगाकर उन्हें अपमानित करके अमेरिका से निकाला गया। यहां तक कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार करके उत्पीड़न किया गया। उन्हें हथकड़ियां तक लगाई गईं। कभी आदर्श लोकतंत्र व उच्च मानवीय मूल्यों का दंभ भरने वाला अमेरिका आज ट्रंप की नस्लवादी नीतियों से अपनी प्रतिष्ठा खो बैठा है। पिछले दिनों ट्रंप ने आईटी उद्योग व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के शीर्ष पदों पर बैठे भारतीयों को हटाने तक की बात कही थी। तंग नजरिये के राष्ट्रवाद के प्रचार से सत्ता में आए ट्रंप लगातार भारत विरोधी नजरिया अपनाए हुए हैं। अतार्किक टैरिफ उसकी गवाही देते हैं। अब नया मुद्दा अमेरिका को खून-पसीने से सींचने वाले पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ गया। परदेस गए करीब डेढ़ लाख ट्रक ड्राइवरों के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। दरअसल, अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में पिछले दिनों एक भारतीय ट्रक चालक द्वारा गलत टर्न लेने से तीन अमेरिकी नागरिकों की मौत को बड़ा मुद्दा बना दिया गया है। उसके बाद अमेरिका में ट्रक चलाने वाले विदेशी चालकों को निशाने पर लिया जा रहा है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका में लगातार बढ़ते विदेशी ट्रक चालकों की वजह से अमेरिकी नागरिकों का जीवन खतरे में पड़ गया है। जिसके चलते विदेशी ट्रक चालकों के वर्क वीजा और कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर रोक लगा दी गई है। जिसके चलते पंजाब से अमेरिका गए करीब डेढ़ लाख पंजाबी ट्रक ड्राइवरों की जीविका पर संकट पैदा हो गया है। दरअसल, दमखम रखने वाले पंजाबी गबरुओं का सपना रहा है कि अमेरिका में भारी-भरकम कमर्शियल वाहन चलाएं। वे भारत में प्रशिक्षण लेकर किसी भी देश का वीजा हासिल करके बाद में अमेरिका चले जाते हैं। वे महीने में पांच से छह सौ किलोमीटर ट्रक चलाकर पांच-छह लाख तक कमा लेते हैं।

नस्लीय नजरिये से ग्रस्त ट्रंप शासन-प्रशासन यह नहीं देख रहा है कि इन ट्रक चालकों ने अमेरिका की समृद्धि में कितना योगदान दिया। इन हृष्ट-पुष्ट पंजाबी गबरुओं का विकल्प तलाशने में अमेरिका को भी खासी परेशानी होगी। वजह यह भी है कि अमेरिका मूल के लोग प्रवासियों की तुलना में भारी-भरकम मेहनताना मांगते हैं। अमेरिका के पास इतनी श्रमशक्ति नहीं है कि वह पंजाबी ट्रक चालकों का सहज विकल्प तलाश सके। लेकिन हकीकत को नजरअंदाज करके भारतीय चालकों को निशाना बनाया जा रहा है। इससे पहले ट्रक चालकों को इस बात को लेकर निशाना बनाया गया कि वे धाराप्रवाह अंग्रेजी नहीं बोल सकते। अंग्रेजी की अनिवार्यता के बाद करीब ढाई हजार लाइसेंस निलंबित किए गए। जाहिर, उनके परिवारों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। दलील दी जा रही है कि अमेरिका फर्स्ट की नीति के तहत विदेशी ट्रक चालकों के लिये अंग्रेजी भाषा में दक्षता अनिवार्य है। इतना ही नहीं लाइसेंस जारी करने वाले उन ट्रेनिंग स्कूलों को भी निशाने पर लिया जा रहा है जो कम समय में लाइसेंस जारी कर देते हैं। जैसा कि अपेक्षित था पंजाब की राजनीति में यह मुद्दा जोरशोर से उछलने लगा है। आम आदमी पार्टी, अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने इस मुद्दे पर विदेश मंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनकी मांग है कि प्रवासी भारतीय ड्राइवरों की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। खासकर भारतीय ट्रक चालकों का वर्क वीजा फ्रीज करने के मुद्दे को जोरशोर से उठाने की मांग की जा रही है। जाहिर है ऐसी स्थिति में पंजाबी ट्रक चालकों को नये रोजगार के विकल्प तलाशने होंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 अगस्त, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी, 15:46 तक, नक्षत्र : हस्त, 05:59 तक, योग : शुभा, 12:27 तक, सूर्योदय: 5:17, सूर्यास्त: 18:00, चन्द्रोदय : 08:36, चन्द्रास्त: 20:17, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 11:37 से 13:12

## राशिफल

**मेष :** दिन उत्तम रहने वाला है और समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार के मामले में भी समय अनुकूल रहने वाला है और आपको अचानक लाभ भी प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति अच्छी बनी रहेगी और आपको भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। समाज में मान-सम्मान मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और कामकाज में आ रही बाधाएं दूर होने लगेंगी।

**मिथुन :** आपका पूरा दिन व्यापार और कारोबार के मामले में बेहतरीन रहने वाला है। सुख के साधनों में वृद्धि होगी और बिजनेस करने वालों को लाभ कमाने के उत्तम अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं, जिससे तनाव काफी हद तक कम होगा और मन प्रसन्न रहेगा। विदेशी क्षेत्र से भी आपको कुछ लाभ मिल सकता है।

**सिंह :** आपको कार्यस्थल पर प्रतिद्वंदियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

**कन्या :** अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से किसी समस्या या बाधा का सामना कर रहे थे तो अब उससे छुटकारा मिल सकता है। इससे आपका सारा तनाव दूर हो जाएगा। लाभ मिलने से धन में वृद्धि होगी।

**तुला :** व्यापार के मामले में आप कुछ योजनाएं बनाने में व्यस्त रह सकते हैं। साझेदारी में काम करने और कुछ साहसिक निर्णय लेने से आपको लाभ प्राप्त होने की संभावना है।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में आप कुछ कार्यों को लेकर उलझन में रह सकते हैं। ऐसे में जरूरी काम को पूरा करने में देरी हो सकती है। आपको किसी प्रकार के विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** दिन अच्छा रहने वाला है और कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त हो सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रतियोगिता या परीक्षा में सफल होने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**मकर :** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी काम या डील के सिलसिले में दिनभर ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऐसे में आपका पूरा दिन व्यस्त रहेगा।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आपके सामने अचानक कई काम एक साथ आ सकते हैं। ऐसे में कुछ समय के लिए उलझन महसूस हो सकती है। कार्यस्थल पर आपको अपने विरोधियों से भी सावधान रहना होगा।

**मीन :** आपको अपने रोजगार को सही तरीके से चलाने के लिए प्रयास करने होंगे। तभी जाकर सफलता प्राप्त होगी। व्यवसाय के विस्तार के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

# गणेश हैं विघ्नहर्ता-मंगलकर्ता एवं जीवंत राष्ट्रीयता के प्रतीक



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति और धर्मजगत में गणेशजी का स्थान अद्वितीय है। वे विघ्नहर्ता, बुद्धिदाता, मंगलकर्ता और उन्नत राष्ट्र-निर्माता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत उनके पूजन के बिना अधूरी मानी जाती है। उनके स्वरूप में ही गहन प्रतीकात्मकता निहित है, हाथी का विशाल मस्तक विवेक और दूरदर्शिता का प्रतीक है, छोटा मुख संयमित वाणी का द्योतक है, बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की शिक्षा देते हैं, छोटा नेत्र गहराई से देखने की प्रेरणा देता है और विशाल उदर सहिष्णुता व समावेशिता का बोध कराता है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं, ऐसे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकप्रियता वाले देव का जन्मोत्सव भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को सम्पूर्ण दुनिया में उमंग एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है।

भारतीय धर्म-दर्शन में गणेश जी 'आरंभ के देवता' हैं। वैदिक परंपरा से लेकर पुराणों और लोककथाओं तक, वे हर युग में 'मार्गदर्शक' बने रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें 'सर्वोपास्य' देवता कहा गया, सभी पंथों, संप्रदायों और वर्गों के लोग उनके पूजन में समान रूप से भाग लेते हैं। गणेशजी को प्रथम लिपिकार माना जाता है उन्होंने ही देवताओं की प्रार्थना पर वेद व्यासजी द्वारा रचित महाभारत को लिपिबद्ध किया था। जैन एवं बौद्ध धर्मों में भी गणेश पूजा का विधान है। अनंतकाल से अनेक नामों से गणेश दुख, भय, चिन्ता इत्यादि विघ्न के हरणकर्ता के रूप में पूजित होकर मानवों का संताप हरते रहे हैं। गणेश जी का पूजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का माध्यम भी है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेशोत्सव को सार्वजनिक रूप दिया। इससे गणेश चतुर्थी केवल पारिवारिक पर्व न रहकर जनजागरण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गई। तिलक ने इसे सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना के मंच के रूप में स्थापित किया, जिसने भारत को स्वतंत्रता संग्राम के लिए एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्तमान काल में स्वतंत्रता की रक्षा, राष्ट्रीय चेतना, भावनात्मक एकता और अखंडता की रक्षा के लिए गणेशजी की पूजा और गणेश चतुर्थी के पर्व का उत्साहपूर्वक मनाने का अपना विशेष महत्व है। आज के समय में जब समाज विभिन्न मत-मतांतरों, भाषाओं और संस्कृतियों में बंटा दिखाई देता है, तब गणेशजी पुनः राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बनकर सामने आते हैं। उनका स्वरूप हमें विविधता में एकता, सहिष्णुता, धैर्य और विवेकपूर्ण निर्णय की प्रेरणा देता है। गणेश जी हमें बताते हैं कि बुद्धि और करुणा का समन्वय ही प्रगति का मार्ग है। आज जब विश्व हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से जूझ रहा है, तब गणेश चतुर्थी का पर्व हमें समन्वय और सहयोग का संदेश देता है। वे केवल धार्मिक आस्था के देवता ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक और राष्ट्रीय एकता के जीवंत प्रतीक हैं।

हिन्दुओं में गणेशजी के जन्म के विषय में अलग-अलग कथाएँ प्रचलित हैं। वराह पुराण के अनुसार स्वयं शिव ने पंच तत्त्वों को मिला कर गणेश का निर्माण बहुत तन्मयता से किया। जिससे वे अत्यंत सुन्दर और आकर्षक बने तो देवताओं में खलबली मच गयी, स्थिति को भांप कर शिव ने गणेश के पेट का आकार बढ़ा दिया और सिर को गजानन की आकृति का कर दिया ताकि उनके सौन्दर्य और आकर्षण को कम किया

**गणेश चतुर्थी- 27 अगस्त, 2025 पर विशेष**



जा सके। शिव पुराण के अनुसार एक बार पार्वती ने अपने उबटन के मैल से एक पुतला बनाया और उसमें जीवन डाल दिया। इसके उपरांत उन्होंने इस जीवधारी पुतले को द्वार पर प्रहरी के रूप में बैठा दिया और उसे आदेश दिया कि वह किसी भी व्यक्ति को अंदर न आने दे। इसके बाद वे स्नान करने लग गई। संयोगवश कुछ ही समय बाद शिव उधर आ निकले। उनसे सर्वथा अपरिचित गणेश ने शिव को भी अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शिव अत्यंत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने त्रिशूल से गणेश का मस्तक काट दिया। पार्वती ने यह देखा तो वे बहुत दुखी हुईं। तब पार्वती को प्रसन्न करने के लिए शिव ने एक हाथी के बच्चे का सिर गणेश के धड़ से लगाकर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। तभी से गणेश, गजानन कहलाए। लेकिन बालक की आकृति से पार्वती बहुत दुखी हुई तो सभी देवताओं ने उन्हें आशीर्वाद और अतुलनीय उपहार भेंट किए, उन्हें प्रथम देव के रूप में सभी अधिकार प्रदत्त किये। इंद्र ने अंकुश, वरुण ने पाश, ब्रह्मा ने अमरत्व, लक्ष्मी ने ऋद्धि-सिद्धि और सरस्वती ने समस्त विद्याएँ प्रदान कर उन्हें देवताओं में सर्वोपरि बना दिया।

ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी। आज के शासनकर्ताओं को गणेश के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है।

गणेशजी की सम्पूर्ण शारीरिक रचना के पीछे भगवान शिव की व्यापक सोच रही है। एक कुशल, न्यायप्रिय एवं सशक्त शासक एवं देव के समस्त गुण उनमें समाहित किये गये हैं। गणेशजी का गज मस्तक हैं अर्थात वह बुद्धि के देवता हैं। वे विवेकशील हैं। उनकी स्मरण शक्ति अत्यन्त कुशाग्र हैं। हाथी की भ्रांति उनकी प्रवृत्ति प्रेरणा का उद्गम स्थान धीर, गंभीर, शांत और स्थिर चेतना में है। हाथी की आंखें अपेक्षाकृत बहुत छोटी होती हैं और उन आँखों के भावों को समझ पाना बहुत कठिन होता है। दरअसल गणेश तत्व-वेत्ता के आदर्श रूप हैं। गण के नेता में गुरुता और गंभीरता होनी चाहिए। उनके स्थूल शरीर में वह गुरुता निहित है। उनका विशाल शरीर सदैव सतर्क रहने तथा सभी परिस्थितियों एवं कठिनाइयों का सामना करने के लिए तत्पर रहने की भी प्रेरणा देता है। उनका लंबोदर दूसरों की बातों की गोपनीयता, बुराइयों, कमजोरियों को स्वयं में समाविष्ट कर लेने की शिक्षा देता है तथा सभी प्रकार की निंदा, आलोचना को अपने उदर में रख कर अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। छोटा मुख कम, तर्कपूर्ण तथा मृदुभाषी होने का द्योतक है।

गणेश का व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, जिसे पढ़ पाना एवं समझ पाना हर किसी के लिये संभव नहीं है। शासक भी वही सफल होता है जिसके मनोभावों को पढ़ा और समझा न जा सके। इस प्रकार अच्छा शासक वही होता है जो दूसरों के मन को तो अच्छी तरह से पढ़ ले परन्तु उसके मन को कोई न समझ सके। दरअसल वे शौर्य, साहस तथा नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। उनके हेरांब रूप में युद्धप्रियता का, विनायक रूप में यक्षों जैसी विकरालता का और विघ्नेश्वर रूप में लोकरंजक एवं परोपकारी स्वरूप का दर्शन होता है। गण का अर्थ है समूह। गणेश समूह के स्वामी हैं इसीलिए उन्हें गणाध्यक्ष, लोकनायक, गणपति आदि नामों से पुकारा जाता है। इसलिए गणेश चतुर्थी मनाना केवल धार्मिक परंपरा का निर्वाह नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करने का संकल्प है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# सपा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री की कुर्सी एक ही परिवार में क्यों



संजय सक्सेना

समाजवादी पार्टी में इस समय पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) को लेकर काफी गंभीर मतभेद नजर आ रहे हैं। ऐसा इस लिये हैं क्योंकि पीडीए की बात करने वाले सपा प्रमुख अखिलेश ने पार्टी के सभी प्रमुख पदों पर अपने परिवार के लोगों को बैठा रखा है। चुनाव के समय टिकट बांटते समय भी सपा आलाकमान सबसे पहले अपने और परिवार के बारे में ही सोचता है। यही वजह है मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर पहले मुलायम सिंह का कॉपीराइट हुआ करता था और उनके बाद उनके पुत्र अखिलेश यादव ने इन दोनों पदों को अपनी जागीर बना रखा है। लोकसभा में समाजवादी पार्टी नेता के पद पर भी अखिलेश यादव काबिज हैं। मुलायम कुनबे के पांच सदस्य सांसद हैं। समाजवादी पार्टी में मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष का पद एक ही परिवार तक सीमित रहता है। दो बार मुलायम सिंह और एक बार अखिलेश यादव मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा कोई दूसरा सीएम नहीं बना। इससे आगे की बात की जाये तो मुख्यमंत्री होते हुए भी यह दोनों नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर भी विराजमान रहे। मुलायम कुनबे ने इन तीन पदों पर ना तो अपने से इतर कभी किसी पिछड़े समाज के नेता को आगे बढ़ाया ना ही दलित या फिर अल्पसख्यक नेता को इन पदों के लिये मौका मिला। ऐसे में अखिलेश का पीडीए छलावा ही नजर आता है। यही बात आज पार्टी से बाहर निकाली गई विधायक पूजा पाल कह रही हैं और इससे पहले भी कई नेता कह चुके हैं। ऐसे में सवाल यही है कि क्या पीडीए के अन्य नेता सीएम या पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के लायक नहीं हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि क्या समाजवादी एक परिवार तक सीमित होकर रह गई है। क्या पीडीए के नाम पर अखिलेश यादव अन्य जातियों को धोखा दे रहे हैं?

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश की राजनीति में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी ने 2022 विधानसभा चुनावों के बाद से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अपनी मुख्य रणनीति बनाया। अखिलेश ने इसे एक सामाजिक गठजोड़ के रूप में पेश किया, जहां पिछड़े वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक एकजुट होकर भाजपा को चुनौती देंगे। 2024 लोकसभा चुनावों में सपा की 37 सीटों की जीत को पीडीए की सफलता बताया गया। लेकिन पार्टी के भीतर उभरती कलह और कई नेताओं के बयान बताते हैं कि यह रणनीति महज एक चुनावी जुमला है, जिसके नाम पर अखिलेश अन्य बिरादरियों के नेताओं को धोखा दे रहे हैं। पीडीए में पी और डी को दरकिनार कर सिर्फ ए (अल्पसंख्यक, मुख्यतः मुस्लिम) पर फोकस करने के आरोप लग रहे हैं, जो पार्टी छोड़ने वाले नेताओं के बयानों से पुष्ट होते हैं। यह स्टोरी इन आरोपों की पड़ताल करती है, जहां कलह की जड़ परिवारवाद, जातिवाद और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण में छिपी है।

पार्टी के भीतर कलह की शुरुआत 2023-24 से ही दिखने लगी, जब पीडीए की घोषणा के बाद कई प्रमुख नेता से अलग हुए। सबसे बड़ा नाम स्वामी प्रसाद मौर्य का है, जो पिछड़े वर्ग (कुर्मी) से आते हैं। मौर्य ने फरवरी 2024 में सपा छोड़कर अपनी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाई। उनके बयान में साफ कहा गया कि अखिलेश पीडीए के नाम पर पिछड़ों और दलितों को ठग रहे हैं। पार्टी में सिर्फ यादव और मुस्लिमों का बोलबाला है, अन्य जातियों को टिकट या पद नहीं मिलते। मौर्य ने आरोप लगाया कि सपा में परिवारवाद हावी है, जहां अखिलेश के चाचा शिवपाल यादव और अन्य रिश्तेदारों को तरजीह दी जाती है, जबकि के अन्य घटक सिर्फ वोट बैंक हैं। मौर्य के जाने के बाद सपा में हलचल मची, लेकिन अखिलेश ने इसे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा करार दिया।

पिछड़े वर्ग से ही ओम प्रकाश राजभर ने भी सपा पर हमला बोला। राजभर, जो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख हैं, 2023 में सपा से अलग होकर एनडीए में शामिल हो गये थे। अगस्त 2025 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजभर ने कहा, अखिलेश पीडीए की बात करते हैं, लेकिन असल में उन्हें धोखा देते हैं।सपा नेता गायत्री प्रजापति, रामकांत यादव जेल में हैं, लेकिन अखिलेश सिर्फ एक जाति को बढ़ावा देते हैं। वे सभी जातियों से वोट लेते हैं, लेकिन इस्तेमाल करते हैं। राजभर ने पीडीए को फर्जी बताया और कहा कि अखिलेश ने कुम्हार समुदाय जैसे छोटे पिछड़ों को कभी महत्व नहीं दिया। राजभर के बयान से सपा में पिछड़ों की नाराजगी उजागर हुई, जो 2025 बाय-इलेक्शन में पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।

समाजवादी पार्टी में दलित बिरादरी भी असंतोष स्थिति में है। अवधेश प्रसाद, जो समाजवादी पार्टी के आयोध्या से सांसद हैं, के करीबी मोईद खान पर 2024 में एक नाबालिग दलित लड़की से बलात्कार का आरोप लगा। इस घटना ने पीडीए की साख पर सवाल उठाए। दलित नेता और पूर्व समाजवादी सदस्य रामजी लाल सुमन ने कहा कि अखिलेश ने 2012 में 2.5 लाख दलितों को डिमोट किया और 3 लाख बहुजन छात्रों की स्कॉलरशिप रोकी। सपा में दलितों के लिए कुछ नहीं, सिर्फ नाम।सुमन ने राजपूत शासक राणा संगा को गद्दार कहने पर भी अखिलेश की आलोचना की, जो दलित-राजपूत गठजोड़ को तोड़ता है। हाल ही में विधायक पूजा पाल को पार्टी से निकाला गया। पाल ने आरोप लगाया कि अखिलेश परिवारवाद चला रहे हैं, पीडीए सिर्फ दिखावा है। करहल में दलितों पर हमले और सीतापुर में दलित घरों को जलाने की घटनाएं समाजवादी पार्टी शासनकाल की याद दिलाती हैं, जहां दलित अपराध राष्ट्रीय औसत से 5 गुना ज्यादा थे।

अल्पसंख्यकों को छलने का आरोप सबसे गंभीर है। अखिलेश अपने परिवर के अलावा सिर्फ मुस्लिम नेताओं को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन यह भी तुष्टिकरण का खेल है। मुलायम सिंह ने हर थाने में 3-4 मुस्लिम अधिकारी रखने का आदेश दिया, अखिलेश ने मुस्लिम लड़कियों को 20,000 रुपये की योजना चलाई। लेकिन संभल दंगों में सपा सांसद जिया उर रहमान पर आरोप लगा, फिर भी अखिलेश ने दंगाइयों के परिवारों को 5 लाख दिए, जबकि हिंदू पीड़ितों को कुछ नहीं। शैलेश यादव की हत्या पर चुप्पी साधी गई। सपा नेता जैसे जाहिद बैग, साजिद पाशा, मोईन खान पर अल्पसंख्यक समुदाय से ही बलात्कार के आरोप हैं, लेकिन पार्टी उन्हें बचाती है। अखिलेश मस्जिदों में मीटिंग करते हैं, लेकिन अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल करते हैं, विकास नहीं। 2025 में स्कूल बंदी पर अखिलेश ने पीडीए शिक्षा पर हमला बताया, लेकिन उनके शासन में मुस्लिम क्षेत्रों में भी भ्रष्टाचार था।

अन्य बिरादरियों से भी नेता भागे। अपर्णा यादव (अखिलेश की भाभी) 2022 में बीजेपी में चली गईं, आरोप लगाया कि सपा में महिलाओं और गैर-यादवों की कोई जगह नहीं। विरेंद्र बहादुर पाल पर बलात्कार का केस, रामेश्वर यादव पर जमीन हड़पने का आरोप ये सपा की छवि बिगाड़ते हैं। 2025 में ईडी रेड में सपा से जुड़े कारोबारी से 150 करोड़ मिले, जो उसका भ्रष्टाचार दर्शाता है। कुल मिलाकर, पीडीए अखिलेश के लिए चुनावी हथियार है, लेकिन पार्टी में कलह बढ़ रही है। नेता छोड़ रहे हैं क्योंकि वे महसूस करते हैं कि अखिलेश यादव परिवार और मुस्लिम तुष्टिकरण में उलझे हैं, अन्य बिरादरियों को धोखा दे रहे हैं। अल्पसंख्यकों को भी सिर्फ वोट बैंक बनाया जा रहा है, बिना सच्चे विकास के। अगर यह जारी रहा, तो 2027 विधानसभा में सपा को बड़ा झटका लग सकता है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### श्रीलंका की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को जमानत दी

**कोलंबो :** श्रीलंका की एक अदालत ने सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मंगलवार को जमानत दे दी। वह इस मामले में हिरासत में थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और अदालत परिसर के बाहर विरोध-प्रदर्शनों के बीच विक्रमसिंघे ने कोलंबो के राष्ट्रीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लिया। यह सुनवाई 'कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट' निलुपुली लंकापुरा की अध्यक्षता में जूम के जरिए हुई। पूर्व राष्ट्रपति को पिछले सप्ताह शुक्रवार को पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। 'कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट' अदालत द्वारा 26 अगस्त तक रिमांड पर भेजे जाने के बाद, शुक्रवार आधी रात के करीब उन्हें मुख्य 'मैगजीन रिमांड' जेल ले जाया गया।

### इज़राइल में प्रदर्शनकारियों ने बंधकों की रिहाई की मांग की

**लोद (इजराइल) :** इजराइल में प्रदर्शनकारियों ने युद्ध विराम की मांग को लेकर मंगलवार को टायर जलाए व राजमार्गों को अवरुद्ध किया। उन्हें उम्मीद है कि इस तरह के प्रदर्शन गाजा में अब भी बंधक बनाकर रखे गए लोगों की रिहाई में मददगार होंगे। वहीं, इजराइली नेता एक आक्रामक योजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिसके बारे में उनका तर्क है कि यह हमास को हराने के लिए आवश्यक है। इससे एक दिन पहले गाजा के मुख्य अस्पताल पर भी भीषण हमला हुआ था जिसमें चिकित्सकों और पत्रकारों सहित 20 लोग मारे गए थे। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार देर शाम सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुला सकते हैं। हालांकि, स्थिति की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी के अनुसार, सरकार ने कहा कि बैठक में युद्धविराम वार्ता पर चर्चा नहीं होगी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मिस्र का एक प्रतिनिधिमंडल इजराइल में था और उन्होंने वार्ता पर चर्चा की।

## वर्ग पहेली नं. 3189



*बायें से दायें:-* 2) वित्तीय, 4) फाँसीकर्मी, 6) झिरी; विभाजन, 7) धनाढ्य; समृद्ध, 9) मनोक्षिप्त, 10) कमज़ोर; तर्कहीन, 12) बुद्धिमान, 14) भाईचारा, 15) अप्रिय, 16) कुछ कुछ लाल, 19) पीढ़ा, 20) सूर्य, 22) शताब्दी, 25) कुख्यात, 27) लड़ने-झगड़ने का काम.

*ऊपर से नीचे:-* 1) दुर्दशाग्रत, 2) इस छोर से उस छोर तक, 3) चमत्कारिक कार्य, 4) पानी, 5) निम्न कोटि का, 8) ज्ञात, 11) मसालेदार, 12) जल्दी, 13) खीजना, 14) नौकाघाट, 15) नाप-कर या तौलकर निर्धारित की गई मात्रा, 17) माँग, 18) जीभ, 21) पंछी, 23) सफ़ेद चींटी, जो काग़ज को नष्ट करती है, 24) अनेक, 26) कश *(धूम्रपान)* ; ऊर्जा.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3146

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 6 | | | 9 | |
| | | | 8 | 1 | | | 5 | |
| | | 6 | | | | | | 8 |
| | 9 | | | 8 | | | | 1 |
| | | | 3 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 8 | 1 | | 5 | | | | 9 |
| | 2 | | | | 7 | | | |
| 9 | | | | | | 3 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3145 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 1 | 6 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 |

# 'सीबीआई नहीं, अब सीआईडी करेगी जांच', खेजुरी दोहरे हत्याकांड मामले में हाई कोर्ट का फैसला

## सीआईडीको 25 सितंबर तक जांच की प्रगति पर रिपोर्ट अदालत में सौंपने का निर्देश

कोलकाता, समाज्ञा : पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी में दो भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत के मामले की जांच अब सीआईडी को सौंपी गई है। मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि सीबीआई नहीं, राज्य की सीआईडी ही जांच करेगी। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने आदेश दिया कि एडिजी, सीआईडी की देखरेख में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया जाएगा, जिसका नेतृत्व डीआईजी



रैंक के अधिकारी करेंगे। इस एसआईटी में हेमिसाइड शाखा के अधिकारी भी शामिल होंगे। अदालत ने सीआईडी को निर्देश दिया कि 25 सितंबर तक जांच की प्रगति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। उसी दिन मामले की अगली सुनवाई होगी। बता दें कि इससे पहले गत सोमवार को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति घोष ने केंद्रीय एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सीबीआई अब सिर्फ गैलरी शो कर रही है। अदालत ने संकेत दे दिया था कि मामला सीआईडी को ही सौंपा जा सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से सीबीआई जांच की मांग रखी गई थी।अदालत ने साफ किया कि अभी राज्य एजेंसी को ही जांच करनी चाहिए।

गौरतलब है कि गत 11 जुलाई को खेजुरी में एक मजहबी जुलुस के दौरान वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता सुजीत दास (23) और चंद्र पाइक (65) की हत्या हो गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच और स्थानीय लोगों का दावा था कि दोनों की मौत बिजली का करंट लगने से हुई, जब कार्यक्रम स्थल पर लगा एक हैलोजन लाइट का खंभा गिर गया। हालांकि, भाजपा ने इसे योजनाबद्ध हत्या करार दिया और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि दोनों कार्यकर्ताओं की हत्या की गई है। पार्टी का दावा है कि शवों पर चोट के निशान पाए गए। इसी आधार पर हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। दो अलग-अलग पोस्टमार्टम में अलग-अलग रिपोर्ट आई थी जिसमें कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई पोस्टमार्टम में चोट के निशान का जिक्र किया गया था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीआईडी की विशेष टीम इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करेगी और 25 सितंबर को रिपोर्ट पेश करेगी।

## सीबीआई ने शिक्षक भर्ती घोटाले के पांच आरोपितों की आवाज के नमूने किए एकत्र

**❑ घोटाले की जांच के दौरान जाचकर्ताओं के हाथ लगी थी एक ऑडियो-वीडियो क्लिप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के ग्रुप सी भर्ती घोटाले के पांच आरोपितों की आवाज के नमूने एकत्र किए हैं। इन पांचों आरोपितों सुबीरेश भट्टाचार्य, पर्णा बसु, नीलाद्री दास, समरजीत आचार्य और पंकज बंसल की आवाज मंगलवार को अलीपुर अदालत में एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रिकॉर्ड की गईं। बता दें कि सीबीआई ने शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव सुबीरेश समेत पांच लोगों की आवाज के नमूने एकत्र करने के लिए अदालत में आवेदन किया था। दरअसल, इस घोटाले की जांच के दौरान एक ऑडियो-वीडियो क्लिप जाचकर्ताओं के हाथ लगी थी। हालांकि, सीबीआई ने यह नहीं बताया कि उन्हें वह ऑडियो-वीडियो क्लिप कहा से मिली। उसी के आधार पर, केंद्रीय जांच एजेंसी पांचों लोगों की आवाज के नमूने एकत्र करना चाहती थी। जांचकर्ताओं का कहना है कि छानबीन में पता चला है कि इन लोगों को एक बड़ी सुनियोजित साजिश रची थी। सुनवाई के दौरान सुबीरेश के वकील ने अपनी दलील में ऑडियो-वीडियो क्लिप की स्वीकार्यता और स्रोत पर सवाल उठाए। लेकिन सीबीआई स्रोत का खुलासा नहीं करना चाहती थी। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने अदालत से कहा कि अभी हम सुबूत इकट्ठा करके जांच कर रहे हैं। लेकिन आरोपित के वकील इस जांच पर सवाल उठा रहे हैं। सुबीरेश समेत पांच लोगों के बारे में सीबीआई का दावा है कि वे चार्जशीट में आरोपित हैं।

## सुशील पोद्दार लगातार पांचवीं बार सीडबल्यूबीटी के अध्यक्ष निर्वाचित

**कोलकाता, समाज्ञा :** द कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस (सीडबल्यूबीटीए) की 24वीं वार्षिक आम बैठक में सुशील पोद्दार को लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। यह ऐतिहासिक अवसर संगठन की सिल्वर जुबली वर्षगांठ के जश्न के साथ कोलकाता के द ललित ग्रेट ईस्टर्न होटल में मनाया गया। इस बैठक में सबसे बड़ा आकर्षण चुनाव परिणाम रहे। चुनाव की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव आयुक्त रतन गोयल की देखरेख में संपन्न हुई।

इस अवसर पर एजीएम का संचालन मानद सचिव सी. के. वरद-राजन ने किया और अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने सभी सदस्यों व अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पूर्व अध्यक्षों और वरिष्ठ स्तंभों का विशेष सम्मान किया



गया। उन्हें उनके लंबे समय तक किए गए योगदान और सेवाओं के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सम्मानित व्यक्तित्वों में जनाब फिरोज अली, वी. के. भंडारी, पी. के. रायजादा, आर. के. राठी, एन. के. कपाड़िया, प्रदीप लुहरियावाला, एस. के. चोरड़िया, गोकुल बिहारी साहा, राजेश भाटिया सहित कई प्रतिष्ठित नाम शामिल रहे। इस बैठक में संगठन की वार्षिक रिपोर्ट मानद सचिव श्री वरदराजन ने प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष जे. एल. बारडिया ने आय-व्यय और बचत का विवरण सभा के सामने रखा। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता जनाब फिरोज अली ने संगठन के विकास के लिए उपयोगी सुझाव दिए और वी. के. भंडारी का प्रेरणादायी संबोधन सदस्यों को गहराई से प्रभावित कर गया।

एजीएम के दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारी समिति के सदस्यों की भी घोषणा की गई। समिति में दिनेश कुमार जैन, सी. के. वरदराजन, मुस्तफा खासमवाला, जतन लाल बारडिया, सत्य प्रकाश शव, प्रदीप खेतान, चंद्रेश मेघानी, गौरी शंकर कोठारी, संजय कुमार अग्रवाल, इकबाल पटेल, मोहन बजोरिया, निर्मल सराफ, रवि गुप्ता, संजीव मेहरोत्रा, प्रदीप कुमार लुहरियावाला और कमल कुमार चंदगोठिया का नाम शामिल है।

## 'विश्वविद्यालय नहीं करा रहा है छात्र संघ का चुनाव', राज्य ने हाई कोर्ट से कहा

### कोर्ट ने 365 कॉलेजों और 10 विश्वविद्यालयों को भी पक्षकार बनाने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य सरकार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ का चुनाव कराने की पहल कर रही है, लेकिन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों ने मतदान में कोई रुचि नहीं दिखाई है। यह दावा मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील व तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने किया। इसी के मद्देनजर, न्यायमूर्ति सुजय पाल और न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की खंडपीठ ने संबंधित मामले में लगभग 365 कॉलेजों और 10 विश्वविद्यालयों को पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। बता दें कि राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लंबे समय से छात्र परिषद के चुनाव नहीं हुए हैं। इस संबंध में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। इस दिन, राज्य के वकील कल्याण बनर्जी ने मामले की सुनवाई में कहा कि राज्य ने कहीं भी छात्र संघ का चुनाव पर रोक नहीं लगाई है। यहां तक कि चुनाव कराने के लिए एक परिपत्र भी जारी किया गया था, लेकिन कॉलेजों ने पहल नहीं की है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने तर्क दिया कि राज्य को इस बारे में विशिष्ट जानकारी देनी चाहिए कि कौन से कॉलेज या विश्वविद्यालय ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को इसे दर्ज करने दें। दरअसल, उनका दावा है कि राज्य ने छात्र संघ चुनाव रोक दिए हैं और मतदान कराने की ज़िम्मेदारी राज्य की है। इसलिए, अगर मतदान नहीं होता है, तो उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा। सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को भी इस मामले में पक्षकार बनाया जाए। अगली सुनवाई नवंबर में होगी।

## न्यायसंगत मांगों को लेकर नवान्न अभियान में फूट पड़ा मिड-डे मील कर्मियों का गुस्सा

**कोलकाता :** वेतन और भत्ते में बढ़ोतरी की मांग को लेकर सोमवार को मिड-डे मील कर्मी सड़कों पर उतर आए। शियालदह से नवान्न की ओर निकला उनका जुलूस पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। न्यू मार्केट थाने के सामने तीन-स्तरीय बैरिकेड लगाकर मिछिल को रोका गया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल हो गया। कई कर्मचारी बैरिकेड पर चढ़ गए और वहीं धरने पर बैठ गए। जुलूस से ही प्रदर्शनकारियों ने गुस्सा जाहिर करते हुए कहा - हम न्यायसंगत मांग लेकर सड़क पर उतरे हैं। लेकिन सरकार हमें दबाने के लिए पुलिस का सहारा ले रही है। हजारों महिला कर्मचारी दूर-दूर से यहां आई हैं, फिर भी पुरुष पुलिस से हमें रोका जा रहा है। हमारी मांग है कि मिड-डे मील कर्मियों को 10 नहीं बल्कि पूरे 12 महीने का भत्ता मिलना चाहिए।एक अन्य आंदोलनकारी ने कहा - हमें कम से कम 26 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाना चाहिए। हम दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन सरकार हमारी मांगों को अनदेखा कर रही है। दुर्गापूजा के लिए क्लबों को लाखों रुपये की सहायता दी जाती है, लेकिन हम बच्चों को खाना खिलाने वाले कर्मियों को बोनस तक नहीं मिलता। यह हमारे साथ सरासर अन्याय है। आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे धरना स्थल से नहीं हटेंगे।

## आनंदपुर में बीते 24 घंटे में तीन रहस्य परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर इलाके में सोमवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर रहस्यमय परिस्थितियों में मौत की घटनाएं सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी मामलों की गहन जांच जारी है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मंगलवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आनंदपुर थाना क्षेत्र में एक ही दिन में सामने आई इन तीन रहस्यमय मौतों की गंभीरता से जांच की जा रही है। पहली घटना, इस इलाके के एक पिकनिक स्थल पर सोमवार को करीब 50 वर्षीय व्यक्ति की सड़ा-गला शव पेड़ से पाया गया। दुर्गन्ध महसूस होने पर मछुआरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस का अनुमान है कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है, लेकिन हर पहलू से जांच जारी है। दूसरी घटना, नोनाडांगा के आदर्श नगर स्थित एक घर से महिला का शव बरामद किया गया। यह क्षेत्र आनंदपुर थाने के अंतर्गत आता है। पुलिस को शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

### गेस्ट हाउस में पंजाब की युवती की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

पंजाब से कोलकाता आई एक युवती की सोमवार की देर रात आनंदपुर इलाके के एक गेस्ट हाउस में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान श्रेया वर्मा (27) के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि उनकी मौत अत्यधिक शराब सेवन के कारण हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, श्रेया वर्मा हाल ही में कोलकाता आई थीं और आनंदपुर स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहरी थीं। सोमवार की रात वह अपने पुरुष मित्र मोहम्मद चांद के साथ कमरे में मौजूद थीं। बताया जा रहा है कि दोनों ने देर रात तक शराब का सेवन किया। मंगलवार की सुबह श्रेया को अचेत अवस्था में पाया गया। इसके बाद, मोहम्मद चांद ही उसे पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आनंदपुर थाना पुलिस ने गेस्ट हाउस पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शुरुआती अनुमान में पुलिस का कहना है कि मौत शराब के अधिक सेवन से हुई हो सकती है, हालांकि सटीक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। इस बीच, पुलिस मोहम्मद चांद से पूछताछ कर रही है और गेस्ट हाउस के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## डायमंड हार्बर में फर्जी सीबीआई और ईडी ऑफिस का भंडाफोड़, पांच ठग गिरफ्तार




**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य पुलिस ने डायमंड हार्बर में एक बड़े फर्जीवाड़े और ठगी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। आरोपित खुद को कभी सीबीआई अधिकारी, तो कभी ईडी अधिकारी, तो कभी सीआईडी अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करते थे। इस पूरे नेटवर्क के सरगना समेत पांच लोगों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जोनल) मिथुन कुमार दे ने बताया कि डायमंड हार्बर नगरपालिका के वार्ड 14 नंबर, दीवानी कोर्ट पाड़ा इलाके में इस गिरोह ने बाकायदा ऑफिस खोल रखा था। ऑफिस का उद्घाटन भी बड़ी धूमधाम से किया गया था। उद्घाटन के समय एक व्यक्ति नीली बत्ती लगी गाड़ी में आया और खुद को 'केंद्रीय सरकारी अधिकारी' बताकर लोगों को प्रभावित किया। गिरोह ने अपने ऑफिस का नाम रखा था सोशल-लीगल-क्राइम एंड इंफॉर्मेशन क्राइम इंडिया एसोसिएशन। ऑफिस में लगे बैनर पर यह दावा किया गया था कि संस्था सेंट्रल विजिलेंस कमीशन से प्रमाणित है और भारत सरकार से रजिस्टर्ड व लाइसेंस प्राप्त है। आरोप है कि यह गिरोह दक्षिण 24 परगना के अलग-अलग इलाकों में व्यवसायियों और आम लोगों को सरकारी अधिकारी बनकर डराता-धमकाता और उनसे वसूली करता था। यहां तक कि जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की तस्वीरों वाले फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर भी लोगों को प्रभावित किया जाता था। कई लोग पहले ही इस ठगी के शिकार हो चुके हैं। शिकायत मिलने के बाद, डायमंड हार्बर पुलिस इस मामले को संज्ञान में लिया। एसडीपीओ साकिब अहमद और डायमंड हार्बर थाने के आईसी अमरजीत विश्वास की अगुवाई में छापेमारी की गई और गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपितों में सरगना फाल्गुनी चटर्जी (निवासी-लेक थाना, कोलकाता), सुझाउद्दीन शेख (फलता), गोपाल बारिक (लेक थाना क्षेत्र), संदीप बर्मन, मुस्ताकिन मोल्ला और जमाल हालदार (कुलतली) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के पास से फर्जी आईडी कार्ड, बैज और दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरोह ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उनका कथित मुख्यालय दक्षिण दिनाजपुर में है। जांच की जा रही है कि क्या इस नेटवर्क का संबंध पहले पकड़े गए ठगों से है और इसके पीछे और कौन लोग जुड़े हुए हैं। वर्तमान में, सभी आरोपितों से पुलिस हिरासत में पूछताछ की जा रही है ताकि जांच प्रक्रिया तेजी के साथ पूरी की जा सके।

## भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग ने पश्चिम बंगाल में खोजीं कोलेम्बोला की दो नई प्रजातियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग (जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) के वैज्ञानिकों ने पश्चिम बंगाल में कोलेम्बोला की दो नई प्रजातियों की खोज की है। ये सूक्ष्म आर्थ्रोपॉड जीव मिट्टी में पाए जाते हैं और मिट्टी की उर्वरता व स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्व-पूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह खोज क्षेत्र की जैव विविधता को समझने में एक महत्वपूर्ण योगदान मानी जा रही है। नई प्रजातियों के नाम सलीना ऑरेंटियामैकुलेटा और सलीना प्सूडोमोंटाना रखे गए हैं। पहली प्रजाति का नाम इसके चमकीले नारंगी रंग के कारण और दूसरी का नाम सलीना मोंटाना से समानता के आधार पर रखा गया है। यह खोज जेडएसआई के एप्टेरिगोटा अनुभाग की टीम ने की, जिसका नेतृत्व डॉ.




गुरुपद मंडल ने किया। टीम में प्रिथा मंडल और डॉ. सूरजित कर शामिल रहे। यह शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका जूटाक्सा में 14 अगस्त 2025 को प्रकाशित हुआ। जेडएसआई की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी ने इस उपलब्धि को सराहते हुए कहा कि कोलेम्बोला मिट्टी की संरचना, पोषक चक्रण और जैविक पदार्थों के



विघटन में अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाते हैं। डॉ. मंडल ने बताया कि इस खोज से भारत में सलीना प्रजातियों की संख्या 17 हो गई है। अंतिम बार यह प्रजाति 1979 में दर्ज हुई थी। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने के लिए निरंतर शोध की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

### घरेलू मांग में मज़बूत सुधार की उम्मीद : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल ने अपनी नवीनतम भारत रणनीति रिपोर्ट, जिसका शीर्षक विकास के अगले चरण के लिए तैयार है, में इस बात पर प्रकाश डाला है कि घरेलू मांग में मज़बूत वृद्धि के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं, जो कई अनुकूल परिस्थितियों से प्रेरित है और त्योहारी सीज़न के बाद भी बनी रहने की संभावना है। भारत में घरेलू मांग में जोरदार सुधार होने की उम्मीद है और निफ्टी अगले 12 महीनों में 27,609 के स्तर को छूने की उम्मीद है, मंगलवार को एक नई रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

### एपिरॉक ने भारत में नए उत्पादन और अनुसंधान एवं विकास केंद्र की आधारशिला रखी

**कोलकाता :** एपिरॉक एबी ने नासिक में एक नए उत्पादन और अनुसंधान एवं विकास केंद्र की आधारशिला रखी। यह नया केंद्र भारत और दुनिया भर में ग्राहकों को उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों और समाधानों के साथ सुरक्षा और उत्पादकता को मज़बूत करने में मदद करने की एपिरॉक की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह केंद्र लगभग 175,000 वर्ग मीटर में फैला होगा। एपिरॉक की अध्यक्ष और सीईओ हेलेना हेडब्लोम कहती हैं, नासिक में यह नया केंद्र बढ़ते और बेहद महत्वपूर्ण भारतीय बाज़ार में हमारी उपस्थिति का और विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और यह वैश्विक स्तर पर हमारे ग्राहकों का भी समर्थन करेगा।

### सिएट ने पेश किया सेक्यूराड्राइव सर्कल

**कोलकाता :** सिएट ने टायर की एक नई रेंज 'सेक्यूराड्राइव सर्कल' को लॉन्च किया। यह देश का पहला रोड-रेडी पैसेंजर कार टायर है जिसमें 90% तक टिकाऊ (बायो-बेस्ड) सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस इनोवेशन के साथ सिएट ने सस्टेनेबिलिटी और टेक्नोलॉजी लीडरशिप के जरिए प्रीमियम श्रेणी की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। लॉन्च पर सिएट लिमिटेड के एमडी और सीईओ, अर्नब बनर्जी ने कहा: सेक्यूराड्राइव सर्कल इस बात का प्रमाण है कि भारत सस्टेनेबल मोबिलिटी में नए मानक स्थापित कर सकता है। 90% सस्टेनेबल सामग्री वाले पूरी तरह रोड-रेडी टायर के जरिए सिएट परफॉर्मेंस और ईको-इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ रहा है और भविष्य के लिए तैयार प्रीमियम ब्रांड बनने की अपनी यात्रा को और मजबूत कर रहा है। आज सस्टेनेबिलिटी कोई विकल्प नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। यह लॉन्च हरित मोबिलिटी की ओर हमारे विज़न को और पुख्ता करता है।

### गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह की कंपनी लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 से जुड़ा

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के अंतर्गत, भारत के सबसे भरोसेमंद घरेलू सुरक्षा समाधान ब्रांडों में से एक, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीज़न 17 के लिए आधिकारिक सुरक्षा भागीदार के रूप में अपनी रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, बच्चन प्रत्येक एपिसोड के विजेता को एक अत्याधुनिक डिजिटल लॉक भेंट करेंगे, जो भारत के सपनों और घरों की सुरक्षा के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड, श्याम मोटवानी ने कहा, कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा शो है जो विश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक है - ऐसे मूल्य जो हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से सरेखित हैं।

### उज्जीवन एसएफबी ने अपने मैक्सिमा करंट अकाउंट होल्डर्स के लिए लांच किया 'उज्जीवन स्वीप स्मार्ट'

**कोलकाता :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने अपने मैक्सिमा करंट अकाउंट कस्टमर्स के लिए उज्जीवन स्वीप स्मार्ट नामक एक नया ऑटो-स्वीप फीचर लॉन्च किया है। यह खास सुविधा कारोबारियों और प्रोफेशनल्स को उनके सरप्लस पैसों पर ज्यादा लाभ दिलाने के साथ-साथ रोज़ाना के लेन-देन के लिए पूरी लिक्विडिटी की सुविधा भी सुनिश्चित करेगी। उज्जीवन एसएफबी के टीएएससी, टीपीपी और रिटेल लाइबिलिटीज़ हेड, हितेंद्र झा ने कहा, उज्जीवन स्वीप स्मार्ट के जरिए हम अपने कस्टमर्स को उनके बेकार पड़े बैलेंस पर अधिक कमाई करने का मौका दे रहे हैं, साथ ही उनकी रकम पूरी तरह से उनके पहुंच में भी रहती है। यह लिक्विडिटी और रिटर्न का एक मज़बूत कॉम्बिनेशन है।

### आर.जी.कर अस्पताल कांड के विरोध में मार्च करने पर डॉक्टर सुवर्ण गोस्वामी और मानस गुमटा को पुलिस की नोटिस

**कोलकाता :** आर.जी.कर अस्पताल की घटना के खिलाफ आवाज उठाने वाले आंदोलनकारी चिकित्सकों पर राज्य सरकार के प्रतिशोधात्मक रवैये का आरोप फिर बार सामने आया है। पहले भी कई जूनियर डॉक्टरों को कानूनी नोटिस भेजे जाने का दावा किया गया था। अब वरिष्ठ चिकित्सक सुवर्ण गोस्वामी और मानस गुमटा को भी पुलिस ने तलब किया है। मंगलवार को पुलिस ने दोनों डॉक्टरों को नोटिस थमाया। जानकारी के अनुसार, सुवर्ण गोस्वामी को 2 सितंबर को बउबाजार थाने में और मानस गुमटा को 3 सितंबर को पेश होने का निर्देश दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 8 अक्टूबर 2024 को कोलकाता मेडिकल कॉलेज से धर्मतला तक विरोध मार्च का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इस कार्यक्रम के लिए पहले से पुलिस की अनुमति नहीं ली गई थी। अनुमति के बिना जुलूस निकालने के मामले में केस दर्ज हुआ और उसी की जांच के तहत दोनों डॉक्टरों को समन किया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि निर्धारित तिथि पर वे अदालत या थाने में हाजिर नहीं होते, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

### आरपीएफ ने राणाघाट और आसनसोल में अवैध शराब और फेन्सेडिल सिरप किया जब्त



**कोलकाता, समाज्ञा :** राणाघाट और आसनसोल रेल डिवीजन में आरपीएफ ने अवैध वस्तुओं और विदेशी शराब जब्त की है। राणाघाट पोस्ट के आरपीएफ कर्मियों ने सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 31911 अप (सियालदह-गेदे लोकल) में छापेमारी की और तीन लोगों को 602 बोतल फेन्सेडिल सिरप (100 मिलीलीटर प्रत्येक) के साथ गिरफ्तार किया। इन वस्तुओं की अनुमानित कीमत 1.36 लाख रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों और जब्त वस्तुओं को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपीएस राणाघाट को सौंपा गया। वहीं, उसी दिन ऑपरेशन सतर्क के तहत आसनस-ोल डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने ट्रेन संख्या 12273 अप (दुरोंतो एक्सप्रेस) से 17 बोतल विदेशी शराब जब्त की। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद यह शराब देवघर के एक्साइज विभाग को सौंप दी गई। आरपीएफ की ये कार्रवाई अवैध तस्करी और सुरक्षा के विरुद्ध महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### कोलकाता मेट्रो ने पूरे नेटवर्क में पेपर और मोबाइल क्यूआर टिकटिंग किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो ने मंगलवार से अपने पूरे नेटवर्क में पेपर और मोबाइल क्यूआर टिकटिंग सिस्टम को लागू कर दिया है। पहले यह सुविधा केवल ग्रीन लाइन, ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन तक सीमित थी, लेकिन अब इसे पर्पल और येलो लाइन तक भी विस्तार दिया गया है। यात्री अब इन सभी लाइनों के स्टेशनों के लिए आमार कोलकाता मेट्रो ऐप के माध्यम से मोबाइल क्यूआर टिकट बुक कर सकते हैं, साथ ही पेपर क्यूआर टिकट भी उपलब्ध हैं। सोमवार को इस ऐप के माध्यम से 23,482 यात्रियों ने मोबाइल क्यूआर टिकट बुक किए, जो पिछले सोमवार (11,787) की तुलना में लगभग दोगुना है। ऐप से टिकट खरीदने पर यात्रियों को 5% किराए की छूट मिलती है, साथ ही स्टेशन पर लंबी कतारों से बचते हुए समय और धन की बचत भी होती है।

### श्रीमंत दगडू सेठ का भव्य दरबार



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रीमंत दगडू सेठ का भव्य दरबार कोलकाता के परशुराम उद्यान, बड़ाबाजार में रजत जयंती महोत्सव मनया गया। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। प्रधान यजमान संगीता देवी-संजय लोहारीवाल, भागवताचार्य हरीश तिवारी के सानिध्य में किया गया। प्रधान अतिथि हरिश तोषनीवाल, अरुण भरतिया, संरक्षक प्रवीण शर्मा, सीए मनोज शर्मा, नवीन जोशी, सज्जन झिकनारिया, जगमोहन बागला, अनिल मिश्रा, अशोक सहल, जयप्रकाश शर्मा, संजय कुमार शर्मा (बिल्लू), सुबोध इंदौरिया, प्रदीप सूंठवाल व अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

### शिव पार्वती जनकल्याण समिति का 43वां वार्षिक साधारण सभा संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** शिव पार्वती जनकल्याण समिति का 43वां वार्षिक साधारण सभा का आयोजन महाजाति सदन के सभागार में गत रविवार को संपन्न हुआ। इस वार्षिक साधारण सभा में 650 से भी अधिक संख्या में सदस्यों की तथा 300 प्रॉक्सी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति दर्ज की गई। इस अवसर पर समिति के प्रमुख संस्थापकों में रमाशंकर यादव, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, विजय जायसवाल, रामआसरे जायसवाल, रामचंद्र जायसवाल, राम नयन जायसवाल, उपाध्यक्ष चुन्नी लाल गुप्ता, सचिव राजेश कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष कुंदन जायसवाल एवं अन्य पदाधिकारियों में अजय जायसवाल, रामचन्द्र साव, शिव चरण जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, चंद्रिका जायसवाल, दिनेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, दिनेश चंद जायसवाल, सुरेंद्र राय एवं अन्य अधिकारियों में राजेश जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, सुरेश कुमार साव, प्रवेश जायसवाल, प्रभात गुप्ता, जितेंद्र जायसवाल, दिनेश जायसवाल, गौतम जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### बर्दवान में मुख्यमत्री के दौरे से पहले पत्रकार से दुर्व्यवहार का वीडियो वायरल, एएसआई निलंबित

**बर्दवान :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बर्दवान दौरे से ठीक पहले पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोप में बर्दवान जिले के एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) देवाशीष कुमार दे को निलंबित कर पुलिस लाइन में क्लोज कर दिया गया। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर की गई है, हालांकि वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल बर्दवान म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में अंतिम तैयारियों का जायजा लेने जिला शासक आयेशा रानी ए., पुलिस अधीक्षक सायक दास और अन्य अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान, समाचार कवरेज के लिए पत्रकार भी वहां मौजूद थे। वायरल वीडियो में एएसआई देवाशीष कुमार दे को एक फोटो पत्रकार को हाथ खींचकर बाहर निकालते देखा गया। जैसे ही यह वीडियो सामने आया, सोशल मीडिया और पत्रकार संगठनों में निंदा शुरू हो गई। इसके बाद, मंगलवार की सुबह, मुख्यमंत्री की यात्रा से ठीक पहले विवाद टालने के लिए जिला पुलिस ने एएसआई को निलंबित करने का निर्णय लिया। इस बाबत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सदर) अर्क बंधोपाध्याय ने पुष्टि की।

# चार महीने में विधायक जीवनकृष्ण की पत्नी के खाते में जमा हुए 26 लाख, ईडी की पूछताछ तेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** नियुक्ति घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक जीवनकृष्ण साहा और उनकी पत्नी टगोरी साहा के बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन का पता लगाया है। एजेंसी के अनुसार, केवल चार महीने यानी दो सितम्बर से 14 दिसम्बर 2020 के बीच टगोरी साहा के खाते में करीब 26 लाख रुपये जमा हुए। जानकारी के अनुसार, जीवनकृष्ण और उनकी पत्नी दोनों ही सरकारी कर्मचारी हैं और वेतन के अलावा उनकी कोई घोषित आय का स्रोत नहीं है। ऐसे में खाते में लाखों रुपये आने पर ईडी को संदेह हुआ। पूछताछ में विधायक की पत्नी ने स्वीकार किया कि यह रकम उनके पति ने ही खाते में जमा कराई थी। एजेंसी अब इस धन के वास्तविक स्रोत की जांच कर रही है। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया है कि विधायक और उनकी पत्नी के खातों में कुल 46 लाख रुपये से अधिक की रकम जमा हुई है। इसमें से कई लेनदेन नौकरी के इच्छुक लोगों से जुड़े होने की आशंका है। जांच में संजीत मंडल, दीपक दास, नवीन मंडल, राणा मंडल, अमित विश्वास, आरिफ इकबाल और प्रणयचंद्र विश्वास नामक व्यक्तियों द्वारा जीवनकृष्ण साहा के खाते में बड़ी रकम भेजे जाने की जानकारी मिली है। आरोप है कि इनमें से कुछ रकम विधायक ने बाद में लौटाई भी थी, लेकिन अधिकांश लेनदेन अभी भी संदिग्ध हैं। एजेंसी की जांच में यह भी सामने आया है कि विधायक ने अपने नाम और परिचितों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं जिनमें जमीन और मकान शामिल हैं। इन संपत्तियों की खरीद में नकदी का इस्तेमाल किया गया और कई संपत्तियां उनके नजदीकी रिश्तेदारों के नाम पर दर्ज की गईं। जीवनकृष्ण के पिता विश्वनाथ साहा ने हालांकि जांचकर्ताओं को बताया कि उन्होंने कभी अपने बेटे को आर्थिक मदद नहीं की और न ही उनके किसी व्यवसाय से कोई संबंध है।

**'भ्रष्टाचारी बेटे को सजा मिलनी चाहिए', विधायक के पिता ने कहा**

शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल विधायक जीवनकृष्ण साहा की गिरफ्तारी पर उनके पिता ने कहा है कि उन्होंने अब चैन की सांस ली है। जीवनकृष्ण के पिता बिश्वनाथ साहा का दावा है कि उनके बेटे की सभी संपत्तियां अवैध हैं। जीवनकृष्ण पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त था। उनका दावा है कि अनैतिक कार्यों को लेकर उन्होंने अपने बेटे को बार-बार चेतावनी दी थी, लेकिन वह नहीं माना। मैं चाहता हूं कि उसे सजा मिले। अगर सजा नहीं मिली, तो सबसे ज्यादा मुझे ही भुगतना पड़ेगा। जीवनकृष्ण ने मुझे जान से मारने की धमकी भी दी है। बिश्वनाथ अपने बेटे के अवैध कार्यों के पीछे अपनी बहन मायारानी साहा, जो टीएमसी की पार्षद हैं, को कठघरे में खड़ा किया है। उनका दावा है कि जीवनकृष्ण अपनी बुआ के प्रश्रय में अनैतिक काम करता था।

## उत्तर कोलकाता भाजपा के सुनील हर्ष बने नए उपाध्यक्ष



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता उत्तर जिला में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की नई कमेटी की घोषणा के तहत सुनील हर्ष को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। पिछले बीस वर्षों से सुनील हर्ष पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं और उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया है। सुनील हर्ष ने अपने वार्ड में जहां पहले भाजपा का कोई प्रभाव नहीं था, वहां पार्टी की स्थिति को मजबूती से स्थापित किया। संगठन ने उन्हें जितनी भी जिम्मेदारियां दीं, उन्होंने उन्हें पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया। इस नई भूमिका में उन्हें कोलकाता उत्तर जिला भाजपा की गतिविधियों और आगामी चुनावी रणनीतियों में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है।

## स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने पूर्वी भारत में शुरू की अपनी सबसे बड़ी ब्रांच

**कोलकाता :** स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने आज कोलकाता में पूर्वी भारत (ईस्ट इंडिया) की अपनी सबसे बड़ी ब्रॉन्च (शाखा) शुरू करने की घोषणा की। यह नई ब्रॉन्च 4 लिटिल रसेल स्ट्रीट पर स्थित है। यह कदम स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कोलकाता शहर से लंबे जुड़ाव और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बैंक ने भारत में अपनी पहली ब्रॉन्च 1858 में यहीं खोली थी। तब से अब तक, बैंक का भारत से 165 साल से भी अधिक पुराना और मजबूत संबंध बना हुआ है। इस नई ब्रॉन्च का उद्घाटन पीडी सिंह (सीईओ, इंडिया और साउथ एशिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड), आदित्य मंडलोई (हेड, वेल्थ एंड रिटेल बैंकिंग, इंडिया और साउथ एशिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड) और नितिन चेंगप्पा (हेड, एफ्लुएंट डिस्ट्रीब्यूशन एंड ब्रॉन्च बैंकिंग, इंडिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड) ने किया। आदित्य मंडलोई, हेड ऑफ वेल्थ एंड रिटेल बैंकिंग, इंडिया और साउथ एशिया, स्टैंडर्ड चार्टर्ड ने कहा कि, स्टैंडर्ड चार्टर्ड की भारत में यात्रा 165 साल पहले कोलकाता से शुरू हुई थी, और अब रसेल स्ट्रीट पर पूर्वी भारत की हमारी सबसे बड़ी ब्रॉन्च खोलकर हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाने पर गर्व है।

## भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व में हो रही वृद्धि का परिदृश्य अभी भी मजबूत है : केयरएज रेटिंग्स

**कोलकाता :** केयरएज रेटिंग्स ने अपनी नवीनतम सेक्टोरल आउटलुक में भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर पर प्रकाश डाला है। इस अध्ययन में सड़क एवं राजमार्ग, हवाई अड्डे, बंदरगाह, बिजली, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अवसरों, चुनौतियों और निवेश की संभावनाओं का मूल्यांकन किया गया है। साथ ही डेटा सेंटर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया गया है। सचिन गुप्ता, चीफ रेटिंग ऑफिसर और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, केयरएज रेटिंग्स ने कहा, भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है, जिसे सरकार की सक्रिय नीतियां, शहरीकरण और निजी निवेश का समर्थन मिल रहा है। सड़क, बिजली और हवाई अड्डे जैसे पारंपरिक क्षेत्र अभी भी विकास के मुख्य आधार हैं, लेकिन भविष्य में ऊर्जा भंडारण, डेटा सेंटर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे नए क्षेत्र महत्वपूर्ण होंगे। नियामक और कार्यान्वयन से जुड़ी समस्याओं को हल करना इस क्षेत्र की पूरी क्षमता को उपयोग करने और विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी है।

## बोइंग ने नेशनल एरोमॉडेलिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की

**खड़गपुर :** बोइंग ने 10वीं वार्षिक बोइंग नेशनल एरोमॉडेलिंग प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की, जो भारत के सबसे बड़े और लोकप्रिय एरोमॉडेलिंग कार्यक्रमों में से एक है। इस वर्ष, प्रतियोगिता में भारत भर के 432 संस्थानों के 1,400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से अंतिम राउंड में 24% प्रतिभागी महिलाएं थीं। बेंगलुरु में आयोजित फाइनल के लिए 12 टीमों के 46 फाइनलिस्टों का चयन किया गया। इसके अलावा, इस वर्ष की सभी 46 फाइनलिस्ट टीमों को एक साल के लिए बोइंग अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बोइंग इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष सलिल गुप्ते ने कहा, हमें गर्व है कि बोइंग नेशनल एरोमॉडेलिंग प्रतियोगिता ने पिछले दशक से प्रतिभाशाली इंजीनियरों को एयरोस्पेस उद्योग के लिए वास्तविक समाधान डिजाइन करने का मंच प्रदान किया है।

## नवंबर में होगी ओबीसी मामले की अंतिम सुनवाई, हाई कोर्ट ने दी जानकारी

**कोलकाता :** कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को बताया कि ओबीसी मामले की अंतिम सुनवाई आगामी नवंबर में होगी। सुनवाई से पहले सभी पक्षों को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की खंडपीठ ने दिया। राज्य सरकार की ओर से वकील ने अदालत को सूचित किया कि 2024 में ओबीसी मामले पर हाईकोर्ट का दिया गया फैसला सुप्रीम कोर्ट 1 सितंबर को सुनेगा।

वहीं, जॉइंट एंट्रेंस रिजल्ट रोकने और नई ओबीसी सूची स्थगित करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट 9 सितंबर को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया कि जब तक शीर्ष अदालत में दोनों मामलों की सुनवाई पूरी नहीं होती, तब तक यहां इस पर सुनवाई संभव नहीं है। इसी कारण सभी याचिकाओं को नवंबर में सुनवाई के लिए भेजा गया है। गौरतलब है कि 22 मई 2024 को हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा था कि 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द होंगे। साथ ही, राज्य सरकार को नई ओबीसी सूची तैयार करने और प्रकाशित करने का आदेश दिया गया था। इसके बाद राज्य ने पुनः सर्वे कर नई सूची जारी की, लेकिन उसे भी चुनौती दी गई और हाईकोर्ट ने उस पर रोक लगा दी। बाद में राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची, जहां उच्चतम न्यायालय ने हाईकोर्ट के आदेश पर अंतरिम स्थगन दिया।

## पश्चिम बंगाल में अनाचार चरम पर : दिलीप घोष

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड 29 के सुभाष हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में मंगलवार को स्थानीय गणेश पूजा मंडप का उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अनाचार अपने चरम पर है। घोष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक और सांसद चोर हैं। वे रोज जेल जा रहे हैं। मोबाइल जलाशय में फेंक रहे हैं। तृणमूल नेताओं के घर में बड़ी मात्रा में पैसे हैं, वे पैसे किसके हैं। राज्य में शिक्षक सड़कों पर बैठे हैं। हत्या और दुष्कर्म के मामलों का विचार नहीं हो रहा। यदि ममता बनर्जी को लगता है कि बांग्लादेशियों को मतदाता बनाकर और पुलिस को काम में लगाकर वे सत्ता पर काबिज रह पाएंगी तो ये बहुत दिनों तक नहीं चलेगा। राज्य की कानून व्यवस्था



पर सवाल उठाते हुए घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति वैसी हो गई है जैसे बरसों पहले बिहार और उत्तर प्रदेश की हुआ करती थी। उद्घाटन समारोह में पुरसूरा के विधायक विमान घोष भी पहुंचे और उन्होंने भी राज्य सरकार पर जमके निशाना साधा।

## सांकराइल में महिला स्वास्थ्य कर्मी पर एसिड हमला, आरोपी गिरफ्तार

**डेंगू जागरूकता अभियान के दौरान घटी घटना**

**हावड़ा, समाज्ञा :** डेंगू रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाने गईं एक महिला स्वास्थ्य कर्मी पर एसिड से हमला किए जाने की घटना से हावड़ा जिले के दक्षिण सांकराइल इलाके में सनसनी फैल गई। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे बड़ा बागान मान्ना पाड़ा इलाके में हुई। पुलिस ने आरोपित बिप्लव मान्ना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह में स्वास्थ्य विभाग की एक महिला टीम डेंगू नियंत्रण से जुड़ा निरीक्षण करने के लिए बिप्लव मान्ना के घर पहुंची थी। दरअसल, कुछ



दिन पहले इसी घर से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के लार्वा मिले थे। जांच के लिए मंगलवार को तीन महिला स्वास्थ्य कर्मी वहां गईं। आरोप है कि बिप्लव मान्ना ने सहयोग करने के बजाय स्वास्थ्य कर्मियों से बदसलूकी की और कहासुनी के बीच अचानक एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के सिर पर पीछे से एसिड फेंक दिया। हमले के बाद महिला स्वास्थ्य कर्मी दर्द से तड़पने लगीं। उन्हें तुरंत हाजी एसटी मल्लिक ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए एक निजी नर्सिंग होम में रेफर किया गया। फिलहाल, उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

## चोरी और छिनतई के कुख्यात अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हावड़ा समाज्ञा :** हावड़ा जिले के जगतबल्लभपुर थाना की पुलिस ने लंबे समय से तलाश में रहे मोस्ट वांटेड चोर और छिनतईबाज को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की है। आरोपी का नाम सैमुअल विश्वास (63) है। आरोपी को सोमवार रात उत्तर 24 परगना के जेटिया इलाके से पकड़ा गया। सैमुअल पर उत्तर 24 परगना, हावड़ा और कोलकाता के कई थानों में 20 से अधिक चोरी और छिनताई के मामले दर्ज हैं। वह उत्तर 24 परगना के हालीशहर का निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि उसके पिता और दादा भी चोरी और छिनतई में लिप्त रहे। घटना पिछले दिनों हुई, जब जगतबल्लभपुर में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर से 15 हजार रुपये और गहने चोरी हुए थे। घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाल कर पुलिस ने आरोपी के ठिकाने का पता लगाया और जेटिया से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सैमुअल का जेटिया में एक गिरोह है, जिसने राजस्थान के कई पर्यटन स्थलों पर भी वारदातें की हैं। सैमुअल को पहले भी चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद उसने फिर से चोरी शुरू कर दी थी। वह बैंकों और एटीएम काउंटरों के पास घूमता, बुजुर्गों को अपना निशाना बनाता और बहाने बनाकर छिनतई करता था। वह हालीशहर से रोजाना लोकल ट्रेन से सियालदह आता था और कई बार ट्रेन में भी चोरी की। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर बाकी मामलों का निपटारा करने में जुटी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है।

## मध्यमग्राम में बाइक शोरूम में लगी भीषण आग, दो ईंजन मौके पर पहुंचे

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के मध्यमग्राम में स्थित एक बाइक शोरूम में मंगलवार को भीषण आग लग गई। पता चला है कि शोरूम की दूसरी मंजिल पर आग लगी। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। स्थानीय लोगों ने आग देखकर दमकल विभाग को सूचना दी। इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, दोपहर में कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने जेस्सोर रोड स्थित बाइक शोरूम की दूसरी मंजिल से आग निकलती देखी। दमकल विभाग को सूचना दी गई। इस बीच, शोरूम में कई स्कूटियां होने के कारण आग तेजी से फैल गई। पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। धधकती लपटों में स्कूटियां और



शोरूम का एक हिस्सा लगभग राख में तब्दील हो गया। वहीं, शोरूम के बगल में एक छोटा सा नर्सिंग होम भी है। इससे मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। खबर मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उन्होंने युद्धस्तर पर काम शुरू किया गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस बीच, आग कैसे लगी, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शुरुआती अनुमान के अनुसार, लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## कोलकाता मेट्रो ने ब्लू लाइन टनल सेक्शन में टेट्रा संचार प्रणाली का किया शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने संचार तकनीक के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को ब्लू लाइन (बेलगछिया से रवींद्र सरोवर भूमिगत टनल सेक्शन) और येलो लाइन में टेट्रा संचार प्रणाली का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। इस आधुनिक प्रणाली का शुभारंभ महानिदेशक पी. उदय कुमार रेड्डी ने बरानगर स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। टनल सेक्शन में विश्वसनीय और निर्बाध संचार को ट्रेन संचालन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाता है। इस नई प्रणाली से अब ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोलर और ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर के बीच रीयल-टाइम और सुरक्षित संचार सुनिश्चित हो सकेगा। अधिकारियों के




अनुसार, इस सुविधा से आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई संभव होगी और यात्रियों की सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी। मेट्रो प्रबंधन ने जानकारी दी कि ब्लू और येलो लाइन के साथ-साथ पर्पल और ऑरेंज लाइन की मौजूदा टेट्रा प्रणाली को भी इस प्लेटफॉर्म से एकीकृत किया गया है। इसके चलते चारों मेट्रो लाइनों में एकीकृत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा, जो संचालन, निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया को और मजबूत बनाएगा। महानिदेशक पी. उदय कुमार रेड्डी ने कहा कि भूमिगत खंडों में निर्बाध संचार एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन टेट्रा प्रणाली इस चुनौती का समाधान साबित होगी। इस अत्याधुनिक तकनीक को मोटोरोला सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने आपूर्ति और लागू किया है।

## पर्युषण पर्व का सातवाँ दिन ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया

**❑ जीने की कला है ध्यान : मुनि जिनेश कुमार**

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा- 3 के सान्निध्य में पर्युषण पर्व का सातवाँ दिन ध्यान दिवस के रूप में भिक्षु विहार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कोलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री जिनेश कुमार जी ने कहा- पर्युषण पर्व विराग व उत्थान का पर्व है। यह आदतों के परिष्कार व अपने अन्दर की यात्रा करने का पर्व है। आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान पद्धति का आविष्कार कर तनाव से ग्रथित युवापीढ़ी पर महान उपकार किया है। प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष चल रहा है इसमें अधिक से अधिक प्रेक्षाध्यान का अभ्यास करें।

मुनि श्री ने तप के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा- आत्मशुद्धि के दो उपाय हैं - संयम और तप।



जिन्होंने तपस्या की है वे साधुवाद के पात्र है। युवा हार्दिक दुगड़ ने 38 दिनों का तप स्वीकार कर बहुत हिम्मत का परिचय दिया है। इस अवसर पर मुनि परमानंद ने कहा- पर्युषण भीतर की ओर भागने का पर्व है। ध्यान भीतर जाने का रास्ता है। मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीत का संगान करते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल, साउथ कोलकाता की बहनों के द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इस अवसर पर साध्वी प्रमुखा श्री जी के संदेश का वाचन मुख्य न्यासी बाबूलाल गंग ने किया। तेरापंथी सभा, पूर्वांचल के अध्यक्ष संजय सिंघी ने तपस्वियों की शुभकामना में अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर 38 दिन की तपस्या करने वाले हार्दिक दुगड़, व अट्ठाई , नौ, दस , ग्यारह , चौदह अदि अनेक तपस्वियों को तपस्या के प्रत्याख्यान किये। तेरापंथी सभा, पूर्वांचल द्वारा सभी तपस्वियों का सम्मान किया गया।

## बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना, लोगों की सतर्कता से चोरी की कोशिश नाकाम

**हुगली :** उत्तरपाड़ा में एक बार फिर चोर गिरोह ने बंद पड़े घर को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता के कारण चोरी की योजना विफल हो गई और चोर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 10 बजे उत्तरपाड़ा पुर क्षेत्र के 19 नंबर राजा पियारे मोहन रोड स्थित बंद घर से अजीब आवाजे सुनाई दीं। आसपास के क्लब के युवकों ने तुरंत घर को घेर लिया और उत्तरपाड़ा थाना पुलिस को सूचना दी।

पुलिस पहुंचकर घर की तलाशी ली, लेकिन चोर पहले ही पीछे के रास्ते से भाग गए। मौके से दो सूटकेस बरामद किए गए जिनमें किताबें भरी हुई थीं। घर के कई कमरे अस्त-व्यस्त पाए गए।

घटना से इलाके के लोगों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि उत्तरपाड़ा स्टेट जनरल अस्पताल के पास की दीवार लंबे समय से टूटी हुई है और शाम होते ही वहां बाहरी युवकों का जमावड़ा लगता है। नशे का दौर चलता है, लेकिन प्रशासन ने शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि इलाके में न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही सड़क की लाइटें ठीक से काम करती हैं। पुलिस ने कहा कि यदि उन्हें पहले सूचना मिलती, तो चोरों को दबोचा जा सकता था। निवासियों ने प्रशासन से तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## हावड़ा और सियालदह आरपीएफ ने चोरी हुए सामान किए बरामद




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा और सियालदह डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने ऑपरेशन अमानत के तहत कई रेल स्टेशनों और ट्रेनों से महत्वपूर्ण सामान जब्त किया है। इस कार्रवाई में कुल 03 मोबाइल फोन, 01 मोबाइल चार्जर, 02 पंखे, 02 वॉलेट और 04 बैग बरामद किए गए है। बैग में लैपटॉप, कपड़े, मोबाइल चार्जर, दस्तावेज, विदेशी मुद्रा, कॉस्मेटिक आइटम, विभिन्न सामान और 3,030 रुपये नकद शामिल थे। जब्त की गई सभी वस्तुओं की कुल कीमत 1,05,900 रुपये आंकी गई है। ये सामान हावड़ा, बामनगाछी, बैरकपुर, सियालदाह और कोचिंग सियालदह रेलवे स्टेशनों पर अलग-अलग ट्रेनों और रेलवे परिसरों से बरामद किया गया। इसके बाद उचित प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी वस्तुएं उनके अधिकारियों या मालिकों को वापस सौंप दी गईं।

## हावड़ा डिवीजन ने महिलाओं के स्वास्थ्य और वेलनेस के लिए योग कार्यशाला की आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने 25 अगस्त को महिलाओं के स्वास्थ्य और वेलनेस के लिए योग विषय पर विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम रिवेरा में आयोजित किया गया और इसमें डिवीजन की 93 महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन मोना जैन सिंह, प्रसिद्ध योग और वेलनेस कोच, ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और समग्र कल्याण बढ़ाने के लिए प्रभावी योग अभ्यास और विश्राम तकनीकों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया। पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (एठथथज) की सदस्याएं भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और सक्रिय रूप से भाग लेकर महिला कर्मचारियों के लिए सहयोग और एकजुटता की भावना को और मजबूत किया। इस कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को तनाव प्रबंधन, संतुलन बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण उपलब्ध कराए गए।

## हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता अभियान के तहत सभी स्टेशनों को किया प्लास्टिक मुक्त




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्वच्छता अभियान के तहत अपने सभी स्टेशनों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। मंगलवार को डिवीजन ने अपने परिसरों में प्लास्टिक के उपयोग पर कड़ाई से रोक लगाई, जो एक स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल रेलवे वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पहल डिवीजन के प्रमुख स्टेशनों जैसे कामरकुंडु, बोलपुर, रामपुरहाट, बंडेल, वर्दवान और अजिमगंज पर विशेष रूप से लागू की गई, जहां प्लास्टिक सामग्री के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के लिए व्यापक कदम उठाए गए। यात्रियों, विक्रेताओं और रेलवे कर्मचारियों के बीच सक्रिय जागरूकता अभियान चलाए गए, जिसमें सिंगल-यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों को उजागर किया गया और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नियमित निगरानी और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से हावड़ा डिवीजन ने सफलतापूर्वक स्टेशनों को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त रखा।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को धोखाधड़ी से किया गया सचेत



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को न्यू डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह नाटक हावड़ा डिवीजन सांस्कृतिक संघ द्वारा प्रस्तुत किया गया और इसका उद्देश्य फर्जी जॉब रैकेट्स के खिलाफ जागरूकता फैलाना तथा जनता को धोखाधड़ी से सचेत करना था। कार्यक्रम में हावड़ा के डीआरएम, अतिरिक्त डिवीजनल रेलवे मैनेजर और सीनियर डिवीजनल पर्सनेल ऑफिसर उपस्थित थे। डीआरएम ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि सतर्कता जागरूकता नौकरी चाहने वालों और कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनता और कर्मचारियों से सतर्क रहने, प्रमाणपत्रों की सावधानीपूर्वक जांच करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने का आग्रह किया, ताकि धोखेबाज तत्वों द्वारा शोषण रोका जा सके। नाटक को आकर्षक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने भ्रष्टाचार को नकारने और फर्जी जॉब वादों से बचने का संदेश प्रभावी ढंग से दिया।

## विधायक ने स्कूल में शुद्ध ठंडे पेयजल की मशीन लगवाई



**हुगली :** स्कूल में शुद्ध ठंडे पेयजल की मशीन लगना लाभदायक है। एक समारोह में छात्रों ने आमता विधायक सुकांत पाल से अनुरोध किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह कुछ ही दिनों में यह काम पूरा कर देंगे। जैसा वादा किया था, वैसा ही हुआ। अमता-2 ब्लॉक के भाटेघरी गाँव के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुद्ध ठंडे पेयजल की मशीन लगवाई गई है। विधायक मंगलवार को निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने बताया कि भाटेघरी क्षेत्र में स्कूल के पास आयोजित एक समारोह में आठवीं कक्षा के छात्रों ने कहा कि शुद्ध ठंडे पेयजल की मशीन लगना उनके लिए लाभदायक होगा। 24 घंटे के भीतर वाटर कियोस्क लग गया। जब मैं स्कूल पहुँचा, तो मैंने देखा कि छात्र बहुत खुश थे।




मल्लिक फाटक हनुमान भक्त मण्डल के 25वें गणेश पूजा के पंडाल का हुआ उद्घाटन।

# 'वोटर अधिकार यात्रा' एक सितंबर को एक पड़ाव पर पहुंचेगी, मंजिल नवंबर में हासिल होगी : महागठबंधन

**मधुबनी (बिहार) :** बिहार में विपक्षी महागठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस ने इस साल अक्टूबर-नवंबर में संभावित राज्य विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' एक सितंबर को अपने समापन के साथ एक पड़ाव पर पहुंचेगी, लेकिन मंजिल नवंबर में हासिल होगी। उन्होंने यह आरोप फिर लगाया कि बिहार में ''वोट चोरी'' के माध्यम से लोगों के अधिकारों की चोरी की जा रही है। 'वोटर अधिकार यात्रा' अपने 10वें दिन सुपौल से शुरू होकर दोपहर में मधुबनी पहुंची। यात्रा का समापन एक सितंबर को पटना में एक जनसभा के जरिये होगा। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और राजद के वरिष्ठ नेता मनोज झा ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। सुरजेवाला ने कहा, ''देश और बिहार में नए नारे की गूंज सुनाई दे रही है कि वोट चोर, गद्दी छोड़। यह नारा अब पूरे देश का नारा बन चुका है।'' उन्होंने कहा कि इस यात्रा से नई क्रांति का आगाज हुआ है।'' उन्होंने दावा किया, ''वोट चोरी असल में 'हक चोरी' का एक जरिया है।'' सुरजेवाला ने कहा, ''एसआईआर से पहले ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने भविष्यवाणी कर दी थी कि 20 प्रतिशत वोट काट दिए जाएंगे। आखिर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को ये कैसे पता था?'' उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग और सत्तारूढ़ दल की मिलीभगत का सबूत ये भी है कि बिहार में 65 लाख वोट काट दिए गए, लेकिन भाजपा-जद(यू) ने एक शब्द नहीं कहा। उन्होंने दावा किया कि बिहार में 'वोट चोरी' के प्रमाण निरंतर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना, मधुबनी और पूर्वी चंपारण में 10.63 लाख वोट काटे गए हैं। सुरजेवाला ने आरोप लगाया, ''वोट चोरी से हक चोरी की जा रही है।'' राजद नेता मनोज झा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद लोगों को कई दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 'मत डकैती' के खिलाफ एक आगाज है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''आजादी के बाद निर्वाचन आयोग पर इतने सवाल कभी नहीं उठाए गए, जितने आज उठाए जा रहे हैं। आज गैर-पारदर्शिता निर्वाचन आयोग का गहना बन गया है।'' झा ने कहा, ''हम पहले उच्चतम न्यायालय नहीं गए, बल्कि निर्वाचन आयोग के पास गए और उनसे कहा कि ये अन्याय है, इससे वोट चोरी होगी। लेकिन आयोग का अहंकार ऐसा है कि एक महीने में लोगों से दस्तावेज जुटाने को कह दिया गया।'' उन्होंने यह भी कहा, ''जब हम उच्चतम न्यायालय गए तो राहत मिली, लेकिन परेशानी कम नहीं हुई है। आज भी दिक्कतें हैं, जिन्हें दबाने के लिए पूरी ताकत लगाई जा रही है।'' उन्होंने कहा, ''तेजस्वी यादव ने कहा है कि यह चुनाव सरकार नहीं, सरोकार बदलने का है। बिहार को बुनियादी रूप से बदलाव की जरूरत है।'' झा ने कहा कि यह यात्रा एक सितंबर को एक पड़ाव पर पहुंचेगी, लेकिन इसकी मंजिल नवंबर का महीना है तथा बिहार नवंबर में अपनी मंजिल हासिल करेगा। राजद नेता ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर सीमांचल और मिथिलांचल के लिए विकास बोर्ड का गठन किया जाएगा, ताकि यहां से पलायन और बेरोजगारी को खत्म किया जा सके।



## 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुईं प्रियंका, राहुल ने कहा- बच्चा-बच्चा कह रहा है 'वोट चोर...'

**सुपौल/मधुबनी/दरभंगा :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के 10वें दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा निर्वाचन आयोग पर जबरदस्त हमला बोला और कहा कि अब तो देश का बच्चा-बच्चा ''वोट चोर, वोट चोर'' बोल रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह दावा भी किया कि अमित शाह ने ''वोट चोरी की अकड़'' के कारण कुछ साल पहले भाजपा के 40-50 साल तक सत्ता में रहने की बात की थी। यात्रा के 10वें दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी अपने भाई के साथ उसमें शामिल हुईं और आरोप लगाया कि जनता का विश्वास खो चुकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश भर में 'वोट चोरी' की साजिश कर रही है। राहुल गांधी के साथ यात्रा में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने ''वोट चोरी'' के साथ ही आरक्षण के विषय को भी जोर-शोर से उठाया और आरोप लगाया कि भाजपा के लोग ''वोट चोर'' ही नहीं, बल्कि ''आरक्षण चोर'' भी हैं। प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और विपक्षी 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन के कुछ अन्य नेताओं के साथ एक खुली एसयूवी में सवार थीं। कई स्थानों पर लोग यात्रा का स्वागत करने के लिए कतारबद्ध खड़े थे। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य नेताओं ने हाथ हिलाकर उत्साही भीड़ का अभिवादन किया। यात्रा एक दिन के अवकाश के बाद मंगलवार सुबह सुपौल से शुरू हुई और दोपहर में मधुबनी पहुंची। शाम के समय यह दरभंगा पहुंची। 11वें दिन की यात्रा बुधवार सुबह दरभंगा से शुरू होगी। राहुल गांधी और महागठबंधन के कई अन्य नेताओं ने मधुबनी में एक सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, ''कुछ साल पहले अमित शाह ने कई बार यह बयान दिया कि भाजपा की सरकार 40-50 साल तक रहेगी। पहले ये बयान अजीब लगा, अमित शाह को कैसे पता कि 40-50 साल तक सरकार चलेगी। अब सच्चाई सामने आ गई है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड: मेडिकल छात्र की आत्महत्या के मामले की जांच के लिए समिति गठित

**जमशेदपुर :** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने जमशेदपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में तृतीय वर्ष के छात्र की मौत के मामले की जांच के लिए मंगलवार को एक समिति गठित की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि समिति की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (कानून-व्यवस्था) भागीरथ प्रसाद करेंगे तथा उप प्रभागीय दंडाधिकारी (धालभूम) चंद्रजीत सिंह और उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) (मुख्यालय-1) भोला प्रसाद इसके सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि मणिपाल मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के कमरे में 21 अगस्त को कथित तौर पर जहर खाने से 21 वर्षीय दिव्यांशु पांडे की मौत हो गई थी। मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने शनिवार को परिसर के बाहर प्रदर्शन किया और बिहार के समस्तीपुर निवासी पांडे की मौत के मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन ने एम्बुलेंस की व्यवस्था करने में देरी की तथा एक वरिष्ठ अधिकारी पर उन्हें परेशान करने का आरोप लगाया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समिति को एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### झारखंड विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**रांची :** झारखंड विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने यह प्रस्ताव पेश किया और आरोप लगाया कि एसआईआर का उद्देश्य केंद्र में सत्तारूढ़ सरकार को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ''सदन की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए और सदन के नेता, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ परामर्श के बाद मैं 'इंडिया' गठबंधन की ओर से निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश कर रहा हूं।'' किशोर ने आरोप लगाया, ''एसआईआर संसदीय लोकतंत्र को कमजोर करने और गरीबों व दलितों को वंचित करने का एक प्रयास है।'' नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा इस तरह के प्रस्ताव का विरोध करेगी। उन्होंने कहा, ''इस तरह का प्रस्ताव बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को मतदाता बनाने की साजिश है। भाजपा इसका विरोध करेगी। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से प्रस्ताव को मतदान के लिए रखने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने उनका जवाब देते हुए कहा, ''प्रस्ताव स्वतः ही पारित हो गया है क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सदन में बहुमत है।''

### गोरखपुर में हमले में घायल युवक की मौत के बाद हंगामा

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में चार दिन पूर्व एक हमले में घायल हुए युवक की मौत के बाद मंगलवार को गोरखनाथ थाना इलाके में एक अस्पताल के सामने भीड़ जुट गई और सड़क जाम कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं, जिसमें थाना प्रभारी घायल हो गए।

## उपराष्ट्रपति का चुनाव हार-जीत की नहीं, 'सिद्धांतों' की लड़ाई है : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि उपराष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव हार-जीत की नहीं, बल्कि 'सिद्धांतों' की लड़ाई है और उम्मीद जताई कि न्याय के पक्षधर सभी दलों के सदस्य अपनी ''अंतरात्मा'' की आवाज पर 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे। लखनऊ दौरे पर आए इंडिया की तरफ से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एवं उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायामूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी का सपा कार्यालय में स्वागत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा, ''आज जिन राजनीतिक परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हो रहा है और हम जिस न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं, उसके लिए एक न्यायमूर्ति से बेहतर विकल्प क्या हो सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि जो लोग न्याय के पक्षधर हैं, वे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर हमारे प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालेंगे।'' यादव ने कहा, ''यह लड़ाई हार या जीत की नहीं है, बल्कि सिद्धांतों की है।...और हमें पूरा भरोसा है कि जब अंतरात्मा की आवाज पर वोट डाले जाएंगे, तो हमारे प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी ऐतिहासिक मतों से विजयी होकर उस पद को सुशोभित करेंगे।'' अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया, ''भारतीय जनता पार्टी उपराष्ट्रपति जैसे उच्च संवैधानिक पद को एक विशेष विच-ारधारा से जोड़ना चाहती है, जो देशहित में नहीं है।'' इस मौके पर कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी भी उपस्थित थे।

## युवा कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाएगा : मुख्यमंत्री




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राज्य में काम कर रहे हर युवा को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने का ऐलान करते कहा कि इससे श्रमिकों के शोषण की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में तीन दिवसीय 'रोजगार महाकुंभ 2025' का उद्घाटन करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि कंपनियों को अपने कर्मचारियों को उचित वेतन देना होगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह पहल सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और श्रमिकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जो हर कामगार युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी देगा। युवाओं को अपार ऊर्जा का भंडार बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की सबसे बड़ी ताकत इसकी विशाल युवा आबादी में निहित है। उत्तर प्रदेश की प्रतिभा की अब न केवल पूरे भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी मांग है। एक समय नौकरियों के लिए बड़े पैमाने पर पलायन वाला यह राज्य आज अपनी सीमाओं के भीतर ही रोजगार के प्रचुर अवसर पैदा कर रहा है। श्रम सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हुए श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए श्रम कानूनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रोजगार महाकुंभ को युवाओं और उद्योग के बीच एक सेतु बताते हुए, उन्होंने कहा, यह आयोजन केवल रोजगार प्रदान करने के बारे में नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों को नई तकनीकी मांगों के अनुरूप बनाने के बारे में भी है।

## उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार रेड्डी लखनऊ पहुंचे

**लखनऊ :** उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के प्रमुख घटक दलों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के लिए मंगलवार को लखनऊ पहुंचे। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय और वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेस व सपा कार्यकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रेड्डी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। लखनऊ पहुंचने के बाद रेड्डी का सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त रूप से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव आगामी नौ सितंबर को होगा जिसके लिए विपक्ष ने रेड्डी को साझा उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी सी. पी. राधाकृष्णन से होगा। राधाकृष्णन तमिलनाडु से भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, जबकि तेलंगाना से ताल्लुक रखने वाले रेड्डी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं। उपराष्ट्रपति का पद जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण रिक्त हुआ है। उपराष्ट्रपति चुनाव को विपक्ष ने एक वैचारिक लड़ाई बताया है, हालांकि संख्या बल सत्तारूढ़ राजग के पक्ष में है। जुलाई 2011 में सेवानिवृत्त हुए 79 वर्षीय रेड्डी को काले धन के मामलों की जांच में ढिलाई बरतने के लिए तत्कालीन केंद्र सरकार की आलोचना करने सहित कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाना जाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किए गए 'सलवा जुडूम' अभियान को भी असंवैधानिक करार दिया था।

## भाजपा के लोग सिर्फ 'वोट चोर' नहीं, बल्कि 'आरक्षण चोर' भी हैं : तेजस्वी यादव



**मधुबनी (बिहार) :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग सिर्फ ''वोट चोर'' ही नहीं, बल्कि ''आरक्षण चोर'' भी हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे यादव ने यह दावा भी किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार संभल नहीं रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली से बिहार की सरकार चला रहे हैं। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मधुबनी में एक सभा में कहा, ''भाजपा वाले वोट चोर तो हैं ही, ये आरक्षण चोर भी हैं।'' उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा, ''हमारे चाचा जी पलट गए, 'हाईजैक' हो गए। उनसे बिहार संभलने वाला नहीं है। दिल्ली से मोदी जी, अमित शाह जी बिहार चला रहे हैं। हमें उनकी (नीतीश) फिक्र होती है, लेकिन वह अब बिहार चलाने योग्य नहीं रह गए हैं।'' यादव का यह भी कहना था कि बिहार में भाजपा और आरएसएस सरकार चला रहे हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, ''आप लोगों को तय करना है। नेहरू जी, बीपी मंडल, कर्पूरी जी, आंबेडकर जी की धारा एक तरफ है। दूसरी तरफ, गोलवलकर और गोडसे की धारा है। आप लोगों को तय करना है कि कैसी सरकार चाहिए।'' यादव ने दावा किया, ''हम कहते रह गए कि 65 प्रतिशत आरक्षण को नौवीं अनुसूची में डालिए ताकि तमिलनाडु की तरह यह आरक्षण भी सुरक्षित रह सके। लेकिन यह नहीं कहा गया है।''

## बिहार के लोग तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं : रोहिणी आचार्य

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को कहा कि बिहार के लोग चाहते हैं कि उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनें। यह टिप्पणी उन्होंने उस सवाल के जवाब में की जिसमें उनसे कांग्रेस की ओर से तेजस्वी को आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित न किए जाने को लेकर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। रोहिणी ने कहा, ''यह बिहार के लोगों की इच्छा है कि तेजस्वी मुख्यमंत्री बनें। समय आने पर इसकी औपचारिक घोषणा भी हो जाएगी। मुझे कांग्रेस की ओर से किसी तरह की हिचक नहीं दिखती।'' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान इस मुद्दे पर पूछे गए सवाल को टाल दिया था। उस दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में सारण सीट से असफल चुनावी शुरुआत करने वाली 46 वर्षीय रोहिणी आचार्य से तेजप्रताप यादव को लेकर भी सवाल पूछा गया जिन्होंने राजद से निष्कासन के बाद अपनी अलग राजनीतिक पार्टी बना ली है। इस पर उन्होंने कहा, ''इस बारे में मैं क्या कह सकती हूं? लोकतंत्र में सभी को अपनी पार्टी बनाने और चुनाव लड़ने का अधिकार है।''

## नशा युवाओं की ऊर्जा को नकारात्मक दिशा में मोड़ता है : हरियाणा के मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी युवाओं में मादक पदार्थों के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से मंगलवार को मंत्रियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के साथ विधायक हॉस्टल से विधानसभा तक साइकिल यात्रा की। सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, अन्य मंत्रियों और विधायकों ने साइकिल यात्रा में हिस्सा लिया, जबकि कुछ ने बैटरी चालित गाड़ियां चुनीं। सैनी ने पत्रकारों से बात करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर ज़ोर दिया और युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने जोर दिया कि युवा राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति हैं और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना ज़रूरी है। सैनी ने कहा, ''नशे की लत युवाओं की ऊर्जा को नकारात्मक दिशा में मोड़ देती है। नशे की वजह से कई परिवार प्रभावित होते हैं और उनके सपने चकनाचूर हो जाते हैं। इसका व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' को आगे बढ़ाने के मकसद से हरियाणा ने 'साइक्ल-ोथॉन' (साइकिल रैली या दौड़) और मैराथन सहित कई पहलों को लगातार बढ़ावा दिया है।

## कानपुर में आईआईटी-के का सॉफ्टवेयर डेवलपर अपने घर में फंदे से लटका मिला

**कानपुर (उप्र) :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर (आईआईटी-के) के साइबर सुरक्षा विभाग में कार्यरत एक सॉफ्टवेयर डेवलपर ने अपने मकान में कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से महाराष्ट्र के निवासी दीपक चौधरी (25) का शव सोमवार को यहां कल्याणपुर के गूबा गार्डन स्थित उसके किराए के मकान में फंदे से लटका मिला। उसने बताया, ''मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें उसने अपने माता-पिता से माफी मांगते हुए लिखा कि वह साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति के साथ तालमेल बैठाने में असमर्थ महसूस कर रहा है।'' पुलिस के मुताबिक रविवार रात चौधरी बिल्कुल सामान्य था मगर सोमवार को जब बार-बार फोन करने और दरवाजा खटखटाने पर भी उसने कोई जवाब नहीं दिया तो उसके दोस्तों ने खिड़की से अंदर झांक कर देखा कि उसका शव फंदे से लटका हुआ था। उसने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को उतारा और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद कमरे को सील कर दिया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि जांच जारी है, लेकिन अभी तक किसी गड़बड़ी का संदेह नहीं है।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री को आमंत्रित करने के लिए राहुल, प्रियंका को बिहार से माफी मांगनी चाहिए : प्रधान



**पटना :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से कहा कि वे अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को आमंत्रित करने के लिए ''बिहार की जनता से माफी मांगें।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रधान ने यह टिप्पणी पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में की। 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मंगलवार को रेड्डी को सुपौल जिले में प्रियंका और राहुल के साथ देखा गया। प्रधान ने कहा, ''राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को बिहार के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। रेवंत रेड्डी ने कहा था कि बिहार का 'डीएनए घटिया' है। यात्रा में उनके साथ मौजूद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को भी माफी मांगनी चाहिए।'' रेड्डी ने कुछ साल पहले कथित तौर पर कहा था कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव के अंदर एक 'बिहारी डीएनए' है, जो 'तेलंगाना के डीएनए' जैसी गुणवत्ता वाला नहीं है। भाजपा की बिहार इकाई के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव प्रधान ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर 'वोट चोरी' की 'अफवाहें फैलाने' का आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची से लाखों लोगों के नाम हटाए जाने का परोक्ष रूप से बचाव करते हुए कहा, ''हमारा देश रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों के लिए धर्मशाला नहीं है।'' प्रधान ने कहा, ''यहां बहुत सारे युवा मौजूद हैं। मेरा सुझाव है कि वे गूगल, ग्रोक और चैटजीपीटी पर बिहार में 'वोट चोरी' के बारे में पता करें। नतीजों में बड़े पैमाने पर बूथ कब्जा करने के मामले सामने आएंगे, जो राजद और कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान आम बात थी।''

## एक लाख 'सूर्य सखियों' के जरिये गांव-गांव तक सौर ऊर्जा पहुंचाएगी उप्र सरकार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने एक लाख 'सूर्य सखियों' के जरिये गांव-गांव तक सौर ऊर्जा की रोशनी पहुंचाने की योजना बनाई है। राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है और ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी के तहत सरकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सोलर पैनल, लाइटिंग, ईवी चार्जिंग समेत सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला सूर्य सखी से जोड़ने जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में बुधवार को 'महिलाओं की मजबूत आर्थिक स्थिति के लिए विकेंद्रीकृत ऊर्जा' (डीआरई) नामक एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2030 तक एक लाख महिला नेतृत्व वाले उद्यमों तक डीआरई को पहुंचाना है। इसके जरिये जहां सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से इजाफा होगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और शहरी महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के सौर ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और डीआरई को धरातल पर उतारने के लिए खाका खींचेंगे।

## गाय का विशिष्ट दर्जा है, इसके वध से शांति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है : उच्च न्यायालय



**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने वध के लिए गायों को ले जाने के आरोपी नूंह निवासी को दी गई अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कहा कि गाय पूजनीय है और एक 'बड़ी आबादी वाले समूह' की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले कृत्य शांति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। आसिफ और दो अन्य लोगों पर गायों को वध के लिए राजस्थान ले जाने के आरोप में इस वर्ष अप्रैल में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम, 2015 तथा क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल ने इस महीने की शुरुआत में एक आदेश में कहा, ''वर्तमान अपराध, अपने कानूनी निहितार्थों के अलावा भारतीय समाज में गाय की विशिष्ट स्थिति को देखते हुए भावनात्मक और सांस्कृतिक पहल-ुओं से भी जुड़ा हुआ है।'' यह आदेश सोमवार को सार्वजनिक किया गया। अदालत ने कहा, ''यह अदालत इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं रह सकती कि हमारे जैसे बहुलवादी समाज में कुछ कृत्य जो वैसे तो निजी होते हैं लेकिन तब सार्वजनिक शांति पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं जब वे किसी बड़ी आबादी वाले समूह की गहरी आस्थाओं को ठेस पहुंचाते हैं।'' न्यायाधीश ने कहा कि गाय न केवल पूजनीय है, बल्कि भारत की कृषि अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग भी है। सरकारी वकील ने अपनी दलील में कहा कि याचिकाकर्ता गोहत्या के अपराध में कथित तौर पर सक्रिय रूप से शामिल था इसलिए निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए उससे हिरासत में पूछताछ जरूरी है। अदालत ने कहा कि संविधान केवल अमूर्त अधिकारों की रक्षा नहीं करता बल्कि एक न्यायपूर्ण, करुणामय और एकजुट समाज के निर्माण का प्रयास भी करता है। आदेश में कहा गया, '' भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) के तहत प्रत्येक नागरिक पर यह दायित्व है कि वह सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा दिखाए। इसी संदर्भ में, गोहत्या का कथित कार्य जिसे बार-बार, जानबूझकर और उकसावे की नीयत से अंजाम दिया गया, संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था की मूल भावना पर प्रहार करता है।'' अदालत ने अपने आदेश में कहा,'' रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता ने पहली बार अपराध नहीं किया है। उस पर पहले भी इसी प्रकार के अपराधों से शामिल होने के आरोप वाली तीन अन्य प्राथमिकियां हैं।''

## बिहार सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दिव्यांगजनों को ब्याज-मुक्त ऋण और सब्सिडी देगी



**पटना :** बिहार सरकार दिव्यांगजनों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पांच लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण और पांच लाख रुपये की सब्सिडी मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल ने इस संबंध में एक नयी योजना 'मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना' को मंज़ूरी दे दी है। कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के समाज कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों में उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत उन्हें पांच लाख रुपये की सब्सिडी और पांच लाख रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना' नाम से एक व्यापक योजना पहले से ही मौजूद है। इस योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यकों, महिलाओं और अन्य लोगों के लिए अलग-अलग श्रेणियां हैं। इसलिए, अब दिव्यांगजनों के लिए एक और अलग श्रेणी बनाई जाएगी। इस साल यह योजना 100 लोगों के साथ शुरू होगी। अगर हमें और आवेदन मिलते हैं, तो हम उन्हें भी इसमें शामिल करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में काम कर रही है। हाल ही में, राज्य मंत्रिमंडल ने दिव्यांगजनों को बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर क्रमशः 50,000 रुपये और एक लाख रुपये की सहायता राशि देने को मंजूरी दी है, ताकि वे मुख्य परीक्षा की तैयारी कर सकें।' अधिकारी ने बताया कि सरकार विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए नई योजनाएं लाने की भी योजना बना रही है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### इंदौर में हिंदुओं और जैनों के त्योहारों पर मांस की बिक्री 'पूरी तरह प्रतिबंधित' की गई

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर के स्थानीय प्रशासन ने हिंदुओं और जैनों के आगामी त्योहारों पर मांस की बिक्री पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक बयान में कहा कि हिंदुओं की गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी और जैनों के पर्यूषण पर्व के प्रथम एवं अंतिम दिन शहर में मांस की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने कहा, ''मैंने निगम अधिकारियों को इस प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कदम उठाए जाएंगे।'' अधिकारियों के मुताबिक हिन्दू और जैन समुदाय के कई लोगों ने उनकी धार्मिक भावनाओं के मद्देनजर आगामी त्योहारों पर मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने की मांग की थी।

### अकासा एयर एक अक्टूबर से बेंगलुरु और फुकेट के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी

**बेंगलुरु :** अकासा एयर ने एक अक्टूबर से बेंगलुरु और थाईलैंड के फुकेट के बीच रोजाना सीधी उड़ान शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की। विमानन कंपनी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस नये मार्ग के अलावा अकासा एयर ने हाल में मुंबई और फुकेट के बीच एक दैनिक सीधी सेवा शुरू की है। विज्ञप्ति के अनुसार बेंगलुरु से यह उड़ान प्रतिदिन सुबह 6.25 बजे रवाना होगी और अपराह्न 12.40 बजे फुकेट पहुंचेगी। इसके अनुसार फुकेट से, दैनिक उड़ान अपराह्न 1.40 बजे रवाना होगी और शाम 4.40 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी। अकासा एयर की वेबसाइट पर उड़ानों के लिए बुकिंग शुरू हो गई है।

### जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश से रेल यातायात बाधित, 18 ट्रेन रद्द

**जम्मू :** जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने मंगलवार को कटरा, उधमपुर और जम्मू रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू क्षेत्र में सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश को दशकों में सबसे भारी बारिश बताया जा रहा है, जिससे पुल क्षतिग्रस्त हो गए, सड़क संपर्क मार्ग बाधित हो गया और बड़ा भूभाग जलमग्न हो गया। भारी बारिश के कारण हो रहे नुकसान के बीच लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू श्रीनगर और किश्तवाड़-डोडा राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात बंद कर दिया गया है, जबकि कई पहाड़ी सड़कें भूस्खलन या अचानक आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो जाने से अवरुद्ध हो गई हैं। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भी स्थगित कर दी गई है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, ''क्षेत्र में मौसम की स्थिति के मद्देनजर 18 ट्रेन रद्द कर दी गई हैं और चार ट्रेन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया है।''

### ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में रियल्टी समूह बीपीटीपी के खिलाफ छापेमारी की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 500 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा विनिमय उल्लंघन मामले में अपनी जांच के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रियल एस्टेट कंपनी बीपीटीपी से संबंधित परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 'बिजनेस पार्क्स टाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड' (बीपीटीपी) के दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद में परिसरों पर विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के अनुसार, जांच में पाया गया कि बीपीटीपी ने 2007-2008 के दौरान मॉरीशस स्थित विदेशी कंपनियों से ''स्वचालित मार्ग'' के तहत 'पुट ऑप्शन/स्वैप ऑप्शन' के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक का विदेशी निवेश प्राप्त किया जो मौजूदा फेमा नियमों और विनियमों का ''उल्लंघन'' था।

# नौसेना की भूमिका केवल निगरानी तक सीमित नहीं, आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना भी शामिल : राजनाथ सिंह

## विशाखापत्तनम में बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट का जलावतरण किया

**विशाखापत्तनम :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा का भी एक प्रमुख स्तंभ है, क्योंकि तेल, प्राकृतिक गैस जैसी भारतीय ऊर्जा आवश्यकताएं काफी हद तक क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि देश ने सीमा पार सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर प्रभावी और सटीक जवाब



दिया। पूर्वी नौसेना कमान में दो बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के जलावतरण के बाद सिंह ने कहा कि भारत कभी भी आक्रामक विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता है और पूरी दुनिया जानती है कि उसने पहले कभी किसी देश पर हमला नहीं किया। हालांकि, जब इसकी सुरक्षा पर हमला होता है, तो भारत जानता है कि कैसे जवाब देना है। सिंह ने कहा, ''यहां की भू-रणनीतिक स्थिति ऐसी है कि ये हमारे आर्थिक विकास को भी सीधे प्रभावित करने की क्षमता रखती है। हमारी ऊर्जा जरूरतें, तेल, प्राकृतिक गैस, सभी काफी हद तक इस क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर हैं। इसलिए, नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा का भी एक प्रमुख स्तंभ है।''

# नौसेना में दो बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट शामिल, ब्रह्मोस मिसाइल ले जाने में सक्षम



**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) :** देश की समुद्री मारक क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना ने मंगलवार को दो बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। इनमें से प्रत्येक पोत आठ ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस है और इन्हें स्वदेशी निर्माताओं द्वारा विकसित उन्नत हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया गया है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान में दो अत्याधुनिक 'प्रोजेक्ट 17ए' के तहत बने स्टील्थ फ्रिगेट्स को शामिल किया गया। इनका जलावतरण ऐसा पहला अवसर है जब दो अलग-अलग शिपयार्ड में निर्मित अग्रिम पंक्ति के दो जंगी पोतों को एक साथ जलावतरण समारोह में शामिल किया गया। यह घटनाक्रम भारत के पूर्वी तट के बढ़ते समुद्री महत्व को रेखांकित करता है। सिंह ने कहा, इन युद्धपोतों के हथियार और सेंसर पैकेज इन्हें समुद्र का बेजोड़ रक्षक बनाते हैं। मुझे बताया गया है कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं भी शामिल हैं। लंबी दूरी तय करने में सक्षम इन दोनों युद्धपोतों में सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, टॉरपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणालियां और अग्नि नियंत्रण प्रणालियां जैसी उन्नत प्रणालियां हैं। सिंह ने कहा कि नौसेना की भूमिका केवल समुद्र की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक सुरक्षा का भी एक प्रमुख स्तंभ है, क्योंकि तेल, प्राकृतिक गैस जैसी भारतीय ऊर्जा आवश्यकताएं काफी हद तक क्षेत्र की सुरक्षा पर निर्भर करती हैं। अमेरिका का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि एक देश के पास एफ-35 (पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान) हवा में उड़ रहा है, जबकि भारतीय नौसेना द्वारा निर्मित एफ-35 युद्धपोत, आईएनएस उदयगिरि, मेड इन इंडिया तकनीक से समुद्र में उड़ान भर रहा है। सिंह ने कहा कि भारत कभी भी आक्रामक विस्तारवाद में विश्वास नहीं करता है और पूरी दुनिया जानती है कि उसने कभी किसी देश पर पहले हमला नहीं किया। उन्होंने कहा, हालांकि, जब इसकी सुरक्षा पर हमला होता है, तो भारत जानता है कि कैसे जवाब देना है।

## स्पेसएक्स के रॉकेट से उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे पिक्सल, ध्रुव स्पेस

**नयी दिल्ली :** बेंगलुरु से संचालित अंतरिक्ष स्टार्टअप पिक्सल स्पेस मंगलवार रात स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम से तीन नये हाइपरस्पेक्ट्रल पृथ्वी छायाचित्र उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। यह प्रक्षेपण 'फायरफ्लाई' मिशन के पहले चरण के सफलता-पूर्वक पूरा होने का संकेत है जो भारत का निजी पृथ्वी छायाचित्र उपग्रह समूह (कांस्टेलेशन) है। 'सेटेलाइट कॉन्स्टेलेशन' एक ऐसा नेटवर्क है जिसमें कई उपग्रह एक ही मिशन या उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। जैसे कि धरती की निगरानी, इंटरनेट सेवा, मौसम की जानकारी और जीपीएस आदि के लिए। हैदराबाद स्थित ध्रुव स्पेस भी अपने पहले व्यावसायिक लीप-01 (एलईएपी-01) मिशन को प्रक्षेपित कर रहा है। लीप-01 मिशन में ऑस्ट्रेलिया की कंपनियों अकुला टेक और एस्पर सैटेलाइट्स के पेलोड शामिल हैं। यह प्रक्षेपण भी फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम से ही किया जाएगा। पिक्सल ने इस साल जनवरी में तीन फायरफ्लाई उपग्रहों का पहला कॉन्स्टेलेशन प्रक्षेपित किया था और तीन अतिरिक्त उपग्रहों का प्रक्षेपण, फायरफ्लाई मिशन के पहले चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का संकेत है। इसके बाद पृथ्वी की कक्षा में छह उपग्रहों का एक नेटवर्क बन जायेगा जो धरती की निगरानी, इंटरनेट सेवा, मौसम की जानकारी, और जीपीएस आदि में सहायक होगा।

## ना तो मैंने कभी सोचा है, ना मुझे किसी ने कहा है: भाजपा अध्यक्ष की अटकलों पर शिवराज

**ग्वालियर (मध्यप्रदेश) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर जारी अटकलों पर मंगलवार को कहा कि उन्होंने इस बारे में कभी सोचा भी नहीं है और ना ही उनसे किसी ने कहा है। चौहान ने कहा कि उनके हर रोम में खेती और सांस में किसान है तथा चिड़िया की आंख की तरह उनका एक ही लक्ष्य है कि कृषि का उत्पादन कैसे बढ़े और किसानों की आय कैसे बढ़े। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से उनकी कथित मुलाकात और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर उनके नाम की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर शिवराज चौहान ने कहा कि वर्तमान में वह कृषि और



ग्रामीण विकास मंत्री हैं और 'पूजा' की तरह इस कार्य को कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, किसानों की सेवा मेरे लिए भगवान की पूजा है और यही पूजा मैं करते रहना चाहता हूं। करीब 17 साल तक चार बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें कृषि और किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री का दायित्व सौंपा है।

## असम में 5.8 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि राज्य के बराक घाटी क्षेत्र के कछार और श्रीभूमि जिलों से 5.8 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए जाने के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर पुलिस ने कछार जिले के लखीपुर इलाके में मंगलवार को मादक पदार्थ रोधी अभियान शुरू किया।

## विभिन्न यूएवी रोधी प्रणालियों को शामिल करने पर विचार कर रही है नौसेना

**महू (मध्य प्रदेश) :** भारतीय नौसेना ऑपरेशन सिंदूर के बाद ड्रोन रोधी प्रणालियों और लंबी दूरी के ड्रोन की एक श्रृंखला खरीदने पर विचार कर रही है। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाइस एडमिरल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के सैन्य संघर्ष के विश्लेषण के बाद नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने तीनों सेनाओं के सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से कहा कि लाखों डॉलर की महंगी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से लैस युद्धपोत वास्तव में कम लागत वाले मानव रहित विमानों (यूएवी) से निपटने के लिए अपने सीमित शस्त्रागार का विस्तार नहीं कर सकते।

## राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित होंगे उच्च शिक्षण संस्थानों के 21 शिक्षक: शिक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षकों को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह घोषणा की। मंत्रालय ने वर्ष 2023 में पुरस्कारों की दो श्रेणियां स्थापित करने का निर्णय लिया था जिनमें एक उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए और दूसरी पॉलिटेक्निक के लिए है। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''चयनित 21 शिक्षक पॉलिटेक्निक, राज्य विश्वविद्यालयों और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों से हैं।'' बयान में कहा, ''चयन शिक्षक के प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है, जिसका निर्धारण शिक्षण, सीखने की प्रभावशीलता, संपर्क गतिविधियों, अनुसंधान और नवाचार, प्रायोजित अनुसंधान, संकाय विकास कार्यक्रम और परामर्श शिक्षण जैसे मापदंडों के आधार पर किया जाता है। उपरोक्त में से, सीखने की प्रभावशीलता और संपर्क गतिविधियों को अधिक महत्व दिया गया है।''

## ईडी ने आप नेता सौरभ भारद्वाज और अन्य से जुड़े परिसरों पर छापे मारे

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज एवं कुछ अन्य निजी कंपनियों के परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भारद्वाज एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कम से कम 13 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इनमें दक्षिण दिल्ली स्थित भारद्वाज का घर और केजी मार्ग तथा




पश्चिम पटेल नगर स्थित कुछ निजी ठेकेदारों और वाणिज्यिक रियल एस्टेट डेवलपर्स के आवास एवं कार्यालय शामिल हैं। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भारद्वाज (45) के खिलाफ ईडी की जांच जून में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से सामने आई है। एसीबी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार द्वारा स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप में भारद्वाज, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, निजी ठेकेदारों और अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप ने दावा किया कि भारद्वाज के खिलाफ छापेमारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के बारे में उठाए जा रहे सवालों से ध्यान हटाने का प्रयास है और पार्टी नेता के खिलाफ मामला झूठा है।

## आरएसएस गीत विवाद पर शिवकुमार ने कहा-अगर किसी को ठेस पहुंची है तो माफी मांगता हूं

**बेंगलुरु :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रार्थना गीत गाकर पार्टी के भीतर आलोचनाओं का सामना कर रहे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभा में संगठन का गीत गाने से अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह माफी मांगते हैं और वह एक कांग्रेसी हैं और मरते दम तक कांग्रेसी ही रहेंगे। शिवकुमार कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सदन के अंदर आरएसएस का प्रार्थना गीत गाकर सभी को हैरान कर दिया था। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधानसभा में ''किसी संदर्भ में इसका उल्लेख किया था''। शिवकुमार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को हुई भगदड़ पर 21 अगस्त को विधानसभा में चर्चा के दौरान आरएसएस की प्रार्थना ''नमस्ते सदा वत्सले... की कुछ पंक्तियां पढ़ी थीं।'' उन्होंने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं किसी से बड़ा नहीं हूं, मेरा जीवन सबको शक्ति देने के लिए है। मैं हर किसी की मुश्किल में उनके साथ खड़ा रहा हूं, आज भी उनके साथ हूं... एक वफादार कांग्रेसी होने के नाते मैं किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता... अगर आप माफी चाहते हैं, तो हां, मैं इसके लिए तैयार हूं। सभी कांग्रेसियों और विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन के कई राजनीतिक दलों के मित्रों को संभवत: इससे ठेस पहुंची है।''

## दुश्मन के खिलाफ 'ढाल और तलवार' की तरह काम करेगा 'सुदर्शन चक्र' : सीडीएस चौहान

**महू (मध्यप्रदेश) :** भविष्य की सैन्य चुनौतियों से निपटने के लिए सभी सशस्त्र बलों के तालमेल और तकनीकों के एकीकरण पर बल देते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भारत की प्रस्तावित वायु रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' का संभावित खाका पेश किया। जनरल चौहान ने कहा कि 'सुदर्शन चक्र' से सेंसरों, मिसाइलों, निगरानी उपकरणों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों को बड़े पैमाने पर जोड़ा जाएगा और यह प्रणाली 'ढाल और तलवार', दोनों की तरह काम करेगी। सीडीएस ने सैन्य छावनी महू के 'आर्मी वॉर कॉलेज' में तीनों सेनाओं की संयुक्त रक्षा संगोष्ठी रण संवाद 2025 में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। उन्होंने इशारा किया कि भारत की 'सुदर्शन चक्र' प्रणाली इजराइल के उस सर्वकालिक वायु रक्षा तंत्र 'आयरन डोम' की तर्ज पर होगी जिसे बेहद प्रभावशाली सैन्य कवच माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में 'सुदर्शन चक्र' की 10 वर्षीय महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की थी। इसके



बाद सेना की ओर से पहली बार इस परियोजना के बारे में टिप्पणी की गई है। इस परियोजना को वर्ष 2035 तक अमली जामा पहनाए जाने की योजना है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का संक्षिप्त जिक्र किया। उन्होंने कहा,ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था जिससे हमने कई सबक सीखे हैं। इनमें से अधिकतर (सबक) पर अमल हो रहा है और कुछ पर अमल हो चुका है। 'युद्ध कला पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद किया जा रहा है। हालांकि, सेना के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस कार्यक्रम की योजना 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने से काफी पहले बना ली गई थी।

## हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ ने मचाई तबाही

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने से दुकानें बह गईं, इमारतें ढह गईं, राजमार्गों से संपर्क टूट गया और आवासीय इलाके जलमग्न हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात से हुई किसी भी घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, मंगलवार सुबह तक राज्य में कुल 690 सड़कें बंद थीं। उसके अनुसार बंद सड़कों में से 320 मंडी जिले में और 132 कुल्लू में स्थित हैं। स्थानीय मौसम विभाग ने मंगलवार को कांगड़ा, चंबा और मंडी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'रेड' अलर्ट जारी किया है। विभाग ने शुक्रवार को मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में तथा शनिवार को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश का 'ऑरेंज' अलर्ट भी जारी किया है। मंगलवार तड़के कुल्लू जिले के मनाली में ब्यास नदी की तेज धाराएं एक बहुमंजिला होटल और चार दुकानों को बहा ले गईं। नदी में उफान के कारण पानी मनाली के अलू मैदान में घुस गया, जबकि चंडीगढ़ और मनाली को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया।

## दुर्गा पूजा के दौरान धुबरी में 'देखते ही गोली मारने' का आदेश जारी रहेगा: असम के मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि धुबरी जिले में सांप्रदायिक हिंसा के बाद 13 जून से लागू रात में 'देखते ही गोली मारने' के आदेश दुर्गा पूजा के दौरान भी जारी रहेंगे। शर्मा ने कहा कि धुबरी में सनातन धर्म के लोग अल्पसंख्यक हैं और कट्टरपंथियों से उनकी रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। कोकराझार में एक कार्यक्रम के इतर शर्मा ने कहा, देखते ही गोली मारने के आदेश वापस नहीं लिए गए हैं और जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धुबरी में कोई अशांति या हिंसा की घटना नहीं हुई है, लेकिन दुर्गा पूजा के दौरान देखते ही गोली मारने के आदेश जारी



रहेंगे। इस वर्ष यह उत्सव 28 सितंबर से दो अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा, धुबरी में अशांति फैलाने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मुख्यमंत्री ने 13 जून को धुबरी का दौरा किया था और घोषणा की थी कि बांग्लादेश की सीमा से लगे जिले में रात में देखते ही गोली मारने के आदेश लागू होंगे, क्योंकि एक सांप्रदायिक समूह गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने 10 दिन बाद फिर से जिले का दौरा किया और कहा कि 13 जून से अब तक 150 से अधिक असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 11 राज्य के बाहर के हैं। बकरीद के अगले दिन जिला मुख्यालय में हनुमान मंदिर के सामने एक गाय की खोपड़ी मिली। सांप्रदायिक अशांति के बीच हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के सदस्यों ने शांति और सद्भाव की अपील की।

# एकता के लिए एकरूपता की जरूरत नहीं: आरएसएस प्रमुख भागवत

## समारोह में सिंधिया, रामदेव, कंगना रनौत समेत कई हस्तियां शामिल हुईं

**नयी दिल्ली :** देश में एकजुटता का संदेश देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने एकता के लिए एकरूपता की जरूरत को नकारते हुए मंगलवार को कहा, ''विविधता में भी एकता है और विविधता एकता का ही परिणाम है।'' आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदुओं को भूगोल और परंपराओं की व्यापक रूपरेखा में परिभाषित किया और कहा कि कुछ लोग जानते हैं, लेकिन खुद को हिंदू नहीं मानते, जबकि कुछ अन्य इसे नहीं जानते। वह यहां विज्ञान भवन में आयोजित आरएसएस की 100 वर्ष यात्रा: नए



क्षितिज विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की विषयवस्तु भौगोलिक नहीं है, बल्कि भारत माता के प्रति समर्पण और पूर्वजों की परंपरा है जो सभी के लिए समान है। उन्होंने कहा, हमारा डीएनए भी एक है... सद्भावना से रहना हमारी संस्कृति है। भागवत ने कहा, '' हम एकता के लिए एकरूपता को जरूरी नहीं मानते; विविधता में भी एकता है। विविधता, एकता का ही परिणाम है।'' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत आज़ादी के 75 वर्षों में वह वांछित दर्जा हासिल नहीं कर सका जो उसे मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आरएसएस का उद्देश्य देश को विश्वगुरु बनाना है और दुनिया में भारत के योगदान का समय आ गया है। उन्होंने देश के उत्थान के लिए सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर दिया। भागवत ने कहा, अगर हमें देश का उत्थान करना है, तो यह किसी एक पर काम छोड़ देने से नहीं होगा। हर किसी की अपनी भूमिका होगी। उन्होंने यह भी कहा कि नेताओं, सरकारों और राजनीतिक दलों की भूमिका इस प्रक्रिया में सहायता करना है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि लेकिन मुख्य कारण समाज का परिवर्तन और उसकी क्रमिक प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीयों ने कभी लोगों के बीच भेदभाव नहीं किया, क्योंकि वे यह समझते थे कि सभी और विश्व एक ही दिव्यता से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द का प्रयोग बाहरी लोग भारतीयों के लिए करते थे। उन्होंने कहा कि हिंदू अपने मार्ग पर चलने और दूसरों का सम्मान करने में विश्वास रखते हैं तथा वे किसी मुद्दे पर लड़ने में नहीं, बल्कि समन्वय में विश्वास रखते हैं।

## एक तिहाई स्कूली बच्चे निजी कोचिंग लेते हैं, शहरों में यह प्रवृत्ति अधिक :केंद्र सरकार का सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली :** देश के करीब एक तिहाई स्कूली छात्र निजी कोचिंग का सहारा लेते हैं और यह प्रवृत्ति शहरी क्षेत्रों में अधिक आम है। केंद्र द्वारा शिक्षा पर कराए गए व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (सीएमएस)में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण के मुताबिक सरकारी स्कूल पूरे भारत में शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण अहम भूमिका निभाते हैं और अब भी विद्यालयों में नामांकित कुल छात्रों में 55.9 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकारी विद्यालयों की है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया, ''ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर अधिक है, जहां दो-तिहाई (66.0 प्रतिशत) छात्र सरकारी विद्यालयों में नामांकित हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह दर 30.1 प्रतिशत है। निजी गैर-सहायता प्राप्त (मान्यता प्राप्त) विद्यालयों में देशभर में 31.9



प्रतिशत छात्र नामांकित हैं।'' राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) के 80वें दौर का हिस्सा, सीएमएस शिक्षा सर्वेक्षण, विशेष रूप से स्कूली शिक्षा में वर्तमान में नामांकित छात्रों के घरेलू खर्च पर केंद्रित था। सर्वेक्षण के दौरान कंप्यूटर-सहायता प्राप्त व्यक्तिगत साक्षात्कार (सीएपीआई) का उपयोग करके पूरे भारत में 52,085 परिवारों और 57,742 छात्रों से आंकड़े एकत्रित किये गए। सर्वेक्षण के मुताबिक करीब एक तिहाई छात्र (27.0 प्रतिशत) चालू शैक्षणिक वर्ष के दौरान निजी कोचिंग ले रहे थे या ले चुके थे। यह प्रवृत्ति ग्रामीण क्षेत्रों (25.5 प्रतिशत) की तुलना में शहरी क्षेत्रों (30.7 प्रतिशत) में अधिक आम थी।

